दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शनिवार 30 मार्च -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 169 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3









Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com

## चुनाव आयोग के सी-विजिल ऐप में 79 हजार शिकायतें दर्ज




नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तहत 21 राज्यों की 102 सीटों पर पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है। 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से आम चुनाव होने जा रहे हैं। इस बीच चुनाव आयोग (एउ) ने शुक्रवार (29 मार्च) को कहा कि आयोग का सी-विजिल ऐप आचार संहिता उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ा हथियार बन चुका है। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। उसके बाद से लेकर अब तक सी-विजिल ऐप पर 79 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं।

## अतुल गर्ग के नामांकन में पहुंचेंगे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### घंटाघर रामलीला मैदान में होगी एक विशाल जनसभा, प्रदेश अध्यक्ष भी रहेंगे मौजूद



गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर विधायक अतुल गर्ग को भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। अतुल गर्ग अपने चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। यहां पर अब जैसे-जैसे चुनाव प्रचार बढ़ रहा है वैसे-वैसे रिश्तों की कैमिस्ट्री भी दिखाई देने लगी है। गाजियाबाद से लोकसभा सांसद रहे, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के कैबिनेट रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गाजियाबाद आ रहे हैं। खास बात यह है कि वो लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के नामांकन वाले दिन आएंगे। अतुल गर्ग के पहले से ही राजनाथ सिंह और उनके परिवार के साथ आत्मीय संबंध हैं। जब अतुल गर्ग को विधानसभा चुनाव का पहला टिकट मिला था तब भी राजनाथ सिंह आए थे। जब राजनाथ सिंह गाजियाबाद से लोकसभा सांसद थे और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब भी उन्होंने अतुल गर्ग को निवेश प्रकोष्ठ में बड़ी जिम्मेदारी दी थी। अब जब अतुल गर्ग लोकसभा उम्मीदवार हैं तो यहां फिर से आत्मीयता वाला सीन दिखाई देगा। अतुल गर्ग जब नामांकन पत्र दाखिल करेंगे तो यहां पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गाजियाबाद आएंगे। सूत्र बताते हैं कि जब राजनाथ सिंह आएंगे तो घंटाघर रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा भी होगी। 3 अप्रैल को यह जनसभा होनी है और इस जनसभा में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अलावा नामांकन जुलूस में शामिल होने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी आ रहे हैं।



### अब 2 अप्रैल नहीं, 3 अप्रैल को होगा नामांकन पत्र दाखिल

अतुल गर्ग ने लोकसभा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय की थी। बताया जाता है कि अब इसमें फेरबदल हो गया है और अब अतुल गर्ग 2 अप्रैल को नहीं बल्कि 3 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वह घंटाघर रामलीला मैदान से कलेक्ट्रेट के लिए रवाना होंगे।

## क्षेत्र का कार्यकर्ता अतुल गर्ग बनकर करेगा कार्य : धर्मेश तोमर

पिलखुवा। धौलाना रोड स्थित रूपवती इंटर कॉलेज में गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग का जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान लोगों से परिचय सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी ने कहा क्षेत्र के विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। किसी वर्ग का व्यक्ति कभी भी उनसे संपर्क कर सकता है। वह उसकी समस्या का हर संभव समाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे। क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने भाजपा प्रत्याशी को विधानसभा क्षेत्र से एक-एक वोट दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी धौलाना विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्र पर ध्यान दें ,यहां का एक-एक कार्यकर्ता अतुल गर्ग बनकर आम लोगों के बीच कार्य करेगा। साहिबाबाद से विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा की गाजियाबाद लोकसभा सीट से बाद में प्रत्याशी की एक तरफ जीत होगी। मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आम लोगों के हित में कार्य किए हैं इसलिए आम जन भाजपा को ही सपोर्ट कर रही है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रत्याशी को आश्वासन दिया कि लोनी क्षेत्र का एक-एक वोट उन्हें मिलेगा उनकी जीत निश्चित है। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी ने सभी विधायकों को बुके देकर व पका पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष राजा रानी गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता पवन त्यागी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## 1 अप्रैल से बढ़ेगा नामांकन का जोर

### 4 अप्रैल है नामांकन की अंतिम तिथि

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान से पहले नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन की प्रक्रिया के पहले दिन गुरुवार को कुल चार परिचय बिके जबकि तीन अन्य लोग भी नामांकन पत्र लेने आए थे। इसके साथ ही शुक्रवार को छुट्टी होने की वजह से नामांकन प्रक्रिया नहीं हो सकी। वहीं उम्मीद जाहिर की जा रही है कि शनिवार और रविवार को भी माहौल हल्का रहेगा। उधर प्रशासन के अधिकारियों से हुई बातचीत के आधार पर कहा जा रहा है कि 1 अप्रैल से लेकर 4 अप्रैल तक नामांकन प्रक्रिया में जोश देखने को मिल सकता है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉली शर्मा कांग्रेस प्रत्याशी 1 अप्रैल को नामांकन कर सकती हैं। वहीं दो या तीन तारीख में अतुल गर्ग की ओर से नामांकन किया जाएगा। गाजियाबाद के रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है कि 4 अप्रैल नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तिथि है और नाम वापसी के लिए 8 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की गई है।



### सुरक्षा के रहेंगे व्यापक बंदोबस्त



करंट क्राइम। नामांकन प्रक्रिया का सिलसिला शुरू हो चुका है, भले अभी पहले ही दिन कुछ पत्र बिके हैं पर उम्मीद की जा रही है कि 1 तारीख से लेकर 4 अप्रैल के बीच नामांकन पत्रों को लेने का सिलसिला बढ़ेगा। इस दौरान नामांकन भी किए जाएंगे। जिसमें प्रमुख राजनीतिक दलों के चेहरे और प्रत्याशी भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। नामांकन को लेकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को जिला मुख्यालय पर लगाया जाएगा। डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया है कि जिला मुख्यालय में लगभग 200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें पीएसी के जवानों के साथ ही महिला और पुरुष अधिकारियों को अराउंड द क्लॉक ड्यूटी का निर्देश दिया गया है। वहीं खुद एसीपी स्तर के अधिकारी और खुफिया पुलिसकर्मी भी अलर्ट मोड पर रहेंगे।

### जिला मुख्यालय में होगा नामांकन

#### एक प्रत्याशी के साथ चार लोग ही कर पाएंगे प्रवेश

पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला मुख्यालय में एक प्रत्याशी और एक सेट पर कुल चार लोग ही प्रवेश कर पाएंगे। इसमें दो अनुमोदक और दो प्रस्तावक होंगे, जो प्रत्याशी दो सेट खरीदेगा उसके साथ चार अनुमोदक और चार प्रस्तावक प्रवेश कर पाएंगे।

#### कमरा नंबर-102 में होगा नामांकन




**करंट क्राइम।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जो भी व्यक्ति नामांकन पत्र खरीदेगा उसकी सारी प्रक्रिया कमरा नंबर 102 जिला मुख्यालय से की जाएगी। यहां खुद रिटर्निंग ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो नामांकन की प्रक्रिया को जांचने और परखने का काम करेंगे। इसके साथ ही यहां सीसीटीवी की व्यवस्था भी की गई है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी।

## बसपा ने खेला लोकसभा रण में पंजाबी कार्ड

### युवा चेहरे अंशय कालरा को बनाया लोकसभा उम्मीदवार



**सबसे खास बात यह है कि अंशय कालरा के राजनीतिक कैरियर की शुरुआत ही लोकसभा चुनाव से हो रही है।**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। बसपा ने लोकसभा चुनाव में इस बार गाजियाबाद सीट पर पंजाबी कार्ड खेला है। डीएम समीकरण वाली बसपा ने युवा पंजाबी चेहरे अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाया है। सबसे खास बात यह है कि अंशय कालरा के राजनीतिक कैरियर की शुरुआत ही लोकसभा चुनाव से हो रही है। बसपा के वेस्ट यूपी प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने प्रेसवार्ता कर अंशय कालरा की उम्मीदवारी की घोषणा की। राइन ने कहा कि पंजाबी समाज को कोई भी पार्टी तवज्जो नहीं दे रही थी। बसपा ने युवा चेहरे और पंजाबी समाज के चेहरे को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि अंशय कालरा सुरक्षा और युवा रोजगार के मुद्दे को लेकर मैदान में आएंगे। बसपा यहां से इस बार यूथ का संदेश दे रही है। यही वजह है कि गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए 7 अप्रैल को पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद भी एक रैली को संबोधित करेंगे। अंशय कालरा व्यापारी परिवार से हैं और वह मूल रूप से अमरोहा के रहने वाले बताए जाते हैं। मौजूदा समय में वह वसुंधरा में रह रहे हैं।

## अपने-अपने जोन के गुंडा, गैंगस्टर और तस्करों की लोकेशन खोज रहे हैं अधिकारी

### नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही पुलिस करेगी ताबड़तोड़ कार्रवाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम । आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अपनी-अपनी जिम्मेदारी संभाल चुका है। ऐसे में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कार्यकाल में हो रहा यह पहला लोकसभा चुनाव है। ऐसे में कानून व्यवस्था को और बेहतर ढंग से स्थापित करना अधिकारियों के लिए चुनौती से कम नहीं है। इस चुनौती से निपटने के लिए अभी से तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में रहने वाले गुंडा, गैंगस्टर और तस्करों की लोकेशन और मौजूदा गतिविधियों पर नजर रखने का काम शुरू करवा दिया है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है, जो चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी या चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं।



#### होटलों , सोसायटियों और सोशल मीडिया पर भी रहेगी पैनी नजर



**करंट क्राइम।** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि ट्रांस हिंडन जोन दिल्ली-नोएडा के बॉर्डर इलाके से टच है। ऐसे में यहां तस्करी और बाहरी गतिविधियों के होने की संभावना अधिक रहती है। इसको लेकर ट्रांस हिंडन पुलिस प्रत्येक एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र में आने वाले सभी प्रमुख होटलो, आरडब्ल्यूए-एओए और उनके सोशल मीडिया ग्रुपों के साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखेंगे ताकि चुनाव को लेकर किसी प्रकार की गड़बड़ी या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

#### चुनाव को प्रभावित करने वाले भेजे जाएंगे जेल



**करंट क्राइम।** एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस सभी नियम और व्यवस्थाएं अपना रही है। ऐसे में जो लोग भी चुनाव को किसी प्रकार से प्रभावित करने की मंशा रखते हैं उन पर पुलिस कार्रवाई करेगी। साथ ही किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को पुलिस जेल भेजने का भी काम करेगें।



#### थाना प्रभारी को दिए अतिरिक्त मुस्तैदी बरतने के आदेश

**करंट क्राइम।** डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में ग्रामीण जोन के अंतर्गत कई थानाक्षेत्र ऐसे हैं जो बेहद संवेदनशील हैं। वहां पर थाना प्रभारी को अतिरिक्त मुस्तैदी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही चुनावी आदर्श आचार संहिता लागू होने की वजह से प्रतिदिन पैदल गश्त, फ्लैग मार्च और संदिग्धों पर नजर रखने का अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लोकल टीम और चुनावी टीमों को भी एक्टिव कर दिया गया है।

## अलर्ट डे पर गाजियाबाद में रही शांति

### पुलिस ने हर जोन में रखी पैनी नजर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में फ्राइडे अलर्ट को लेकर पुलिस की मुस्तैदी देखने को मिली। गाजियाबाद में अलर्ट डे के दिन कहीं पर किसी प्रकार की अशांति की जानकारी नहीं मिली है। शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाज के वक्त भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। तो वहीं पुलिस के आलाधिकारी अलग-अलग इलाकों पर नजर बनाए हुए थे। इसके साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम गाजियाबाद से भी सभी जगह की व्यवस्थाओं पर ध्यान देने में लग रहे। पुलिस के शीर्ष अधिकारी, एसीपी, एसएचओ और चौकी प्रभारी अपने अपने इलाकों में भ्रमणशील रहे।

### हर मस्जिद पर रहा पुलिस का मूवमेंट

करंट क्राइम। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में फ्राइडे को लेकर अलर्ट था, तो वहीं रमाजन के माह की जुम्मे की नमाज के चलते भी शहर से लेकर देहात की सभी मस्जिदों पर पुलिस का मूवमेंट बढ़ाया गया था। इसी के साथ बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर भी पुलिस कमिश्नरेट ने संवेदनशीलता बरती गई है। वहीं सोशल मीडिया से लेकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर विशेष चौकसी रखी गई। खबर लिखे जाने तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में किसी भी इलाके से अशांति वाली कोई खबर की सूचना नहीं मिली है।

# प्रचार के लिए भाजपा का प्लान तैयार... पार्टी ने बुक किए डेढ़ दर्जन से ज्यादा चार्टर प्लेन और हेलीकॉप्टर

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही भाजपा अपने प्रचार अभियान को तेज करने में जुट गई है। इसके लिए प्रदेश भाजपा ने सभी 80 सीटों पर प्रचार के लिए योजना तैयार की है। पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक बनाए गए केंद्र और प्रदेश के बड़े नेता अब इसी प्लान के तहत प्रचार करेंगे। इसके मुताबिक एक दिन में कम से तीन या चार सभाएं कराने की तैयारी की गई है। इसके लिए पार्टी ने वाहनों के साथ ही डेढ़ दर्जन से अधिक चार्टर के अलावा हेलीकॉप्टर की बुकिंग कर ली है। प्रदेश में करीब ढ़ाई महीने तक चलने वाली चुनावी प्रक्रिया को देखते हुए पार्टी ने सभी सीटों पर धुआंधार प्रचार की रणनीति तैयार की है। मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन के साथ ही स्टार प्रचारकों में शामिल बड़े नेताओं को सभा या रैली स्थल पर हवाई मार्ग से पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत स्टार प्रचारकों में शामिल नेताओं को हेलीकॉप्टर और चार्टर उपलब्ध कराया जाएगा। 31 मार्च को मेरठ में पीएम नरेंद्र मोदी की पहली रैली होने के बाद चरणबद्ध तरीके से बड़े नेताओं की सभा व रैली के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

पहले चरण के साथ ही दूसरे चरण में होने वाले चुनाव से जुड़े लोकसभा क्षेत्रों में पीएम के अलावा स्टार प्रचारकों में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केन्द्रीय नेताओं के कार्यक्रम भी घोषित किए जाएंगे। साथ ही प्रदेश मंत्रियों और पदाधिकारियों की सभाओं के भी कार्यक्रम लगेंगे।



### मोदी 31 को मेरठ से करेंगे प्रचार का आगाज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध सम्मलेन से जहां प्रचार शुरू कर दिया है। वहीं 31 मार्च को मेरठ में रैली करके प्रधानमंत्री मोदी भी चुनाव प्रचार अभियान आगाज करेंगे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी 4 अप्रैल को पीलीभीत और रामपुर में पहला कार्यक्रम तय कर दिया गया है। हालांकि इसकी अभी अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### प्रदेश मुख्यालय में रहेगी एविएशन टीम

स्टार प्रचारकों को हवाई मार्ग से कार्यक्रमों स्थल तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में एक एविएशन टीम का भी गठन किया गया है। एमएलसी व प्रदेश संगठन में महामंत्री गोविंद शुक्ला की देखरेख में गठित यह टीम व्यवस्था देखेगी।

## गाजियाबाद में व्यापारी के साथ हुई लूट का खुलासा

# कर्ज से छुटकारा पाने के लिए व्यापारी ने खुद रची थी साजिश, 3 आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में 27 मार्च को दिल्ली के स्टील और फर्नीचर व्यापारी के साथ हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक व्यापारी ने अपने दो परिचित के साथ मिलकर ही अपने साथ लूट करवाई थी। पुलिस ने व्यापारी समेत लूट करने वाले उसके दो परिचितों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लूटे गए पैसे भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस के मुताबिक पुराने लिए गए कर्ज से छुटकारा पाने के लिए व्यापारी ने लूट की ये स्क्रिप्ट तैयार की थी। आरोपियों ने सीसीटीवी से बचने के लिए शर्ट के ऊपर शर्ट पहनी थी। साथ ही हाथ पर बने टैटू को छिपाने के लिए पट्टी बांधी थी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया की साहिबाबाद क्षेत्र में मोहन नगर मेट्रो स्टेशन के पास गौरव शर्मा नाम के दिल्ली के स्टील फर्नीचर व्यापारी ने 27 तारीख में यह जानकारी दी थी कि दो बाइक सवारों ने उसके साथ लूट की है। गौरव शर्मा ने पुलिस को बताया था कि वह दिल्ली से 2 लाख रुपए लेकर मेट्रो से आ रहा था और उसे यह पैसे राजनगर एक्सटेंशन में देने थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसे यह रकम लूट ली। पुलिस को उसी समय से यह लूट की घटना संदिग्ध लग रही थी। उसके पीछे कई कारण थे। गौरव शर्मा ने जहां खुद को जाना बताया था उससे पहले ही मेट्रो स्टेशन पर वह उतर गया था। साथ ही वीवीआईपी आगमन को लेकर सुरक्षा चाक चौबंद थी।



### परिचितों के साथ रची थी साजिश

पुलिस ने शुक्रवार को इस लूट का खुलासा करते हुए व्यापारी गौरव शर्मा उसका साथी श्याम और आदेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। तथाकथित लूटे गए 200000 रुपए और लूट में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कि हैं। पुलिस के मुताबिक गौरव शर्मा ने अपने दोनों परिचितों के साथ मिलकर इस लूट को अंजाम दिया। उसके बाद गौरव ने 100000 रुपए लूट करने वाले अपने दोनों जानकारों को दे दिए। साथ ही उसका प्लान था कि जिससे उसने उधार लिया है 100000 रुपए वह उसे लौटा देगा।

## न्यूज डायरी

### आतिशी बोलीं- ईडी वकील ने खुद कर दिया खुलासा




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीते दिन दिल्ली कोर्ट में सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब से ये जांच शुरू हुई है तभी से शराब घोटाला शुरू हो गया। इस जांच के दो कारण हैं। पहला कारण आम आदमी पार्टी पर एक स्मोक स्क्रीन का निर्माण करना और दूसरा ईडी जबरन वसूली रैकेट चलाएं। जब सीएम जेल में नहीं थे, तब भी एलजी नहीं चाहते थे कि हमारी सरकार काम करे। बीते दिन दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएम के इस्तीफे की मांग वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। वहीं दूसरी तरफ उससे पहले दिल्ली मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता अतिशी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट में जब कल अरविंद केजरीवाल की रिमांड पर बहस चल रही थी तो ईडी वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजू ने अनजाने में ईडी के असली धेय को कोर्ट और दुनिया के सामने रख दिया।

उन्होंने कोर्ट में कहा कि हमें अरविंद केजरीवाल को कुछ दिन और हिरासत में रखने की जरूरत है क्योंकि उन्होंने हमें अपने फोन का पासवर्ड नहीं बताया है। यह वहीं ईडी है, जिसने कहा था कि शराब नीति के निर्माण और कार्यान्वयन के समय अरविंद केजरीवाल ने जिस फोन का इस्तेमाल किया था वह उन्हें नहीं मिला। यह ईडी नहीं बल्कि भाजपा पासवर्ड चाहती है।

### मुख्तार की मौत के बाद पुलिस अलर्ट, बढ़ी गश्त- देर रात तक चली जांच



**गोरखपुर।** बांदा जेल में सजा काट रहे माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत की खबर सामने आते ही गोरखपुर में भी पुलिस अलर्ट हो गई है। मिश्रित आबादी में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। बृहस्पतिवार रात में प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने चेकिंग भी शुरू कर दी। हालांकि, पुलिस अफसर इसे चुनाव को लेकर अलर्ट बता रहे हैं। दरअसल, शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सामान्यत: अलर्ट रहती है। इसी बीच मऊ से विधायक, सांसद रहे माफिया मुख्तार की मौत से हलचल बढ़ सकती है। इसे देखते हुए ही पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। आजमगढ़ सीमा से जुड़े गोरखपुर के बड़हलगंज में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे विश्वविद्यालय चौराहे के पास पुलिस ने चेकिंग की। वहीं, रेती चौक, उर्दू, नखास, गोरखनाथ आदि इलाकों में भी पुलिस सक्रिय रही। इधर, शुक्रवार की सुबह भी पुलिस की टीम शहर के विभिन्न इलाकों में मुस्तैद रही। सुबह से ही अलग-अलग इलाकों में गश्त बढ़ा दी।

### सवा साल में एचएसजीएमसी में तीसरी बार हुआ बड़ा उलटफेर

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी में उठापटक थमने का नाम नहीं ले रही है। महज सवा साल के दौरान ही तीसरी बार वीरवार को कमेटी में बड़ा घटनाक्रम हुआ, जिसमें पहली बार सदस्यों ने सर्वसम्मति से भूपिंद्र असंध को प्रधान बनाया है, जिसके साथ ही जनरल हाउस की बैठक में नए पदाधिकारी भी बनाए गए। हालांकि बैठक बजट को लेकर बुलाई गई, लेकिन इसमें 100 करोड़ का बजट पास किए जाने के साथ-साथ नई कार्यकारिणी के गठन पर अधिक जोर दिया गया। गुरुद्वारा साहिब छठी के दीवान हाल में करीब ढाई घंटे तक बैठक चली, जिसमें कई दिल मिले तो कई टूट गए। बैठक में जहां कमेटी बदली गई तो वहीं इसके बाद पूरा नजारा भी बदला हुआ दिखाई दिया। रमणीक मान के समर्थन में चार व मंडेबर के समर्थन में आए 28 सदस्य जत्थेदार भूपिंद्र असंध की माने तो बैठक में रमणीक सिंह मान ने जब वार्षिक बजट पर संबोधित करना शुरू किया, तो कुछ सदस्यों ने कार्यकारिणी समिति के चुनाव की मांग उठाई। हाउस की सहमति पर पुरानी कार्यकारिणी भंग करने का एलान किया। इसके उपरांत सदस्य सुदर्शन सिंह सहगल को सभापति नियुक्त किया। सहगल ने प्रधान पद लिए नाम मांगे, जिस पर केवल उनका ही नाम आया और सभी सदस्यों ने सहमति जता दी।

### अवैध संबंध बनाने का युवक पडोसी महिला पर बना रहा है दबाव

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी एक महिला को पडोसी संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। इतना ही नहीं महिला का गर्भपात हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला का आरोप है कि 18 फरवरी को पडोसी से व्यापार करने के लिए एक लाख रुपए उधार लिए थे। महिला का आरोप है कि पैसे उधार देने के बाद से ही उधार देने वाला युवक अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। वह बार बार होटल में चलने को कहता है। महिला का आरोप है कि इसी बीच मेरा गर्भपात भी हो गया,जिसका जिम्मेदार आरोपी है। महिला के पति ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### दंपति के साथ मारपीट के आरोप मे तीन दंबग नामजद

**लोनो (करंट क्राइम)।** लोनी अंकर विहार थाने के सादुल्लाबाद गांव निवासी रोहित ने बताया कि वह अपनी पत्नी को लोनी से दवा दिलाकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह विकास इंटर कॉलेज के पास पहुचे तो तीन दबंगों ने जबरन उसकी बाइक रोक ली बेवजह गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने दंबग हमलावरों के विरूध रिर्पोट दर्ज करा दी है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि रोहित ने तीन हमलावर गौरव, मोनू एवं शिवा के विरूध रिर्पोट दर्ज करा दी है। पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### बदमाशो के कार को ईटों पर किया खडा किए पहिए चोरी

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव शहजादपुर में बदमाश घर के बाहर खड़ी कार के चारों पहिए चोरी करके ले गए। बदमाश कारे को ईटों पर खड़ी करके फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शहजादपुर निवासी विशाल त्यागी ने बताया कि मैने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब उठा तो देखा कि कार ईटों पर खड़ी हुई और चारों पहिए गायब है। बदमाश कार के चारों पहिए चोरी करके ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई कर रही है।

# व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में हुई बैठक, लापरवाही मिलने पर होगा सख्त एक्शन

## आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई: प्रेक्षक (व्यय) सौरभ नायक

### निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाए: प्रेक्षक (व्यय) टी अरिवाझगन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली की ओर से 12-लोकसभा गाजियाबाद हेतु नियुक्त किये गए प्रेक्षकों (व्यय) सौरभ नायक और टी.अरिवाझगन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार कलैक्ट्रेट में व्यय सम्बंधि दो बैठकें आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह नोडल अधिकारी टेन्टेज व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, मानचित्रों की तैयारी, लेखन सामग्री/लाजिस्टिक व्यवस्था एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कन्ट्रोल रूम/कॉल सेन्टर/निर्वाचन सम्बंधी शिकायत प्रकोष्ठ/सी-विजिल, सूचना सेल/मीडिया/एम0सी0एम0सी0, कम्यूनिकेशन प्लान एवं रूट चार्ट से सम्बंधित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।





### अवैध शराब की नहीं होने पाए तस्करी

**(करंट क्राइम)।** प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान चुनाव से सम्बंधि सामग्री प्रत्याशियों द्वारा ट्रेन, बस, ट्रक सहित अन्य वाहनों के माध्यम से निर्वाचन क्षेत्र में लायी जाती हैं। जिस पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। साथ ही निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध शराब नहीं आनी चाहिए। इसके लिए सख्त कदम उठाये जाएं। किसी भी प्रत्याशी या उसके शुभचिंतकों या समर्थकों द्वारा किसी भी रूप में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता हैं तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### ऐसे करें इन नंबरों पर शिकायत

**(करंट क्राइम)।** निर्वाचन अधिकारियों ने जनता से अपील की कि यदि आपके आप-पास या निर्वाचन क्षेत्र में कहीं भी आपकों आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कोई भी व्यक्ति दिखाई देता हो तो 24 घंटे सातों दिन तुरन्त टेलीफोन नंबर - 0120-2822980, 81, 82, 83 पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करायें या या सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही निर्वाचन से सम्बंधित शिकायत पर यदि त्वरित कार्रवाई नहीं होती है तो प्रेक्षक सौरभ नायक का मोबाईल नम्बर-8368432830 और प्रेक्षक टी.अरिवाझगन का मोबाईल 7011117170 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

### सभी अधिकारी करें जिम्मेदारी से काम

**(करंट क्राइम)।** प्रेक्षकों ने प्रभारियों/सह प्रभारियों से जाना कि उनके सामने निर्वाचन से सम्बंधित कितने प्रकरण आए और किस प्रकार का निराकरण किया गया और कितनों को नोटिस दिया। साथ ही कितनों का चालान किया गया और कितने लोगों से चालान की धनराशि वसूल की गई। प्रेक्षकों ने कहा कि आप लोगों पर चुनाव के दौरान दोगुनी जिम्मेदारी आ जाती हैं इस दौरान आपकों अपने कार्यालय का कार्य तो करना ही हैं किन्तु आपका विशेष ध्यान निर्वाचन के कार्य पर होना चाहिए, निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाती है। आप सभी लोगों में बहुत से लोग ऐसे हैं जिनकी निर्वाचन में पहली बार तैनाती हुई होगी ऐसे लोगों को यदि अपने पद या कार्य की जिम्मेदारी के बारे में जानकारी कम हैं तो अपने प्रभारी से जानकारी ले सकता है। जानकारी पूरी रखते हुए निर्वाचन को सकुशल, शांति से सम्पन्न करायें।

# तृणमूल ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन, कहा- सोरेन-केजरीवाल के बाद 'उनका' निशाना बंगाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव होने में अब एक महीने से भी कम का समय रह गया है। सात चरण में होने वाले आम चुनाव के लिए 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं ने सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सोमवार को चुनाव आयोग का रुख किया और उसके हस्तक्षेप की मांग की। बताया जा रहा है कि उन्होंने चुनाव आयोग कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपा है। साथ ही अपनी समस्याओं को रखने के लिए समय मांगा है। तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों से मुलाकात कर उनकी चिंताओं से अवगत कराएंगे। हालात आयोग के नियंत्रण में टीएमसी नेता शशि पांजा ने पत्रकारों से कहा, 'हमने चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा है। हमें आयोग बातचीत के लिए सोमवार का समय देगा। हम आयोग के साथ लंबी बातचीत करेंगे और अपनी समस्याओं को सामने रखेंगे। चुनाव से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस तरह से गिरफ्तार किया गया है, उससे तृणमूल कार्यकर्ता बहुत परेशान हैं। अब आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) की घोषणा की गई है। हालात आयोग के नियंत्रण में है, फिर भी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।' उन्होंने कहा, 'उनका लक्ष्य पश्चिम बंगाल है। वे महुआ मोइत्रा तक पहुंच गए हैं और प्रचार कर रहे टीएमसी उम्मीदवारों को परेशान कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल सरकार से जुड़े लोगों को परेशान किया जा रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसियां भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही हैं।' हम भी चाहते हैं कि निष्पक्ष चुनाव हो टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा, 'हम लोग बहुत विचलित और चिंतित हैं क्योंकि चुनाव आयोग के हाथ में पूरी शक्ति है और हम चाहते हैं कि वे अपनी शक्ति का इस्तेमाल करें क्योंकि पश्चिम बंगाल में जिसकी शक्ति अधिक चल रही है वो है केंद्र सरकार। केंद्र सरकार आदेश देती है और सीबीआई, ईडी, आई और एनआईए जैसी संस्थाएं इस समय हमारे कार्यकताओं और उम्मीदवारों को बुला रही हैं जब निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है और हमारे कार्यकर्ता व्यस्त हैं। हम भी चाहते हैं कि निष्पक्ष चुनाव हो, लेकिन हमेशा टीएमसी को टारगेट किया जा रहा है। सभी राजनीतिक दलों का अधिकार है कि वे निर्वाचन के लिए प्रचार करें।' बता दें, चुनाव आयोग के कार्यालय पर पहुंचे लोगों में डेरेक ओ ब्रायन, सांसद डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष शामिल हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के खिलाफ रामलीला मैदान में विपक्षी दलों द्वारा 31 मार्च को आयोजित रैली में भी शामिल होगी। ओ'ब्रायन और घोष विरोध रैली में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।



# थाना वेव सिटी के डासना में जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस अलर्ट पर रही





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी है। गाजियाबाद में भी जुम्मे की नमाज को देखते हुए पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च किया और शहर की मस्जिदों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई। साथ ही ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। तो वहीं थाना वेव सिटी के डासना में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस अलर्ट पर रही। जुमे की नमाज के दौरान इलाके में पुलिस अलर्ट रही। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल मौजूद रहा। संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च हुआ। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

# नेहरू और शास्त्री के निधन के बाद इंदिरा गांधी ने लिखकर दिया वोट फॉर कांग्रेस

**प्रयागराज।** देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू और दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद 1967 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास नेतृत्व का अभाव था। पार्टी की हालत देख नेहरू की पुत्री इंदिरा गांधी ने तब मोर्चा संभाला था। आम मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने को इंदिरा ने एक अनूठा प्रयोग किया। उन्होंने अपने हाथ से हिंदी, अंग्रेजी एवं उर्दू में लिखकर आम मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इंदिरा का लिखा यह नोट तब खासा सुर्खियों में आ गया। इसे कांग्रेसियों ने हूबहू छपवाकर इलाहाबाद व फूलपुर संसदीय क्षेत्र के तमाम गांवों में भी बांटे। इंदिरा गांधी का वह हस्तलिखित नोट ह्यवोट फॉर कांग्रेस तब के कांग्रेसियों ने बच्चे-बच्चे तक पहुंचा दिया। प्रयागराज में इसका असर दिखा। इंदिरा की यह अपील काम कर गई। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से तब लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री का सीधा मुकाबला सोशलिस्ट पार्टी के एस जायसवाल से था। यह चुनाव कांटे का माना जा रहा था। एस जायसवाल का चुनाव चढ़ता देख तब इंदिरा गांधी ने अनूठा प्रयोग किया। उस समय सोशलिस्ट पार्टी के युवा नेता रहे एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में निर्वाचन कार्य देख रहे केके श्रीवास्तव बताते हैं कि इंदिरा गांधी का पांच फरवरी 1967 को हिंदी में लिखा कांग्रेस को वोट दीजिए। इसी तरह अंग्रेजी में वोट फॉर कांग्रेस लिखे कागज में अपने हस्ताक्षर भी किए। इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। इसके पंफलेट आदि कांग्रेसियों ने गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले बांटे। उस दौरान इंदिरा का हस्तलिखित नोट न रहूं किसी का दस्तनिगर किताब में भी प्रकाशित हुआ। किताब के लेखक कैप्टन अब्बास अली ( ये डॉ.राम मनोहर लोहिया के साथी भी रहे हैं ) ने हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू भाषा में लिखे उस नोट को अपनी किताब में प्रकाशित भी करवाया। केके श्रीवास्तव बताते हैं कि उस नोट में कांग्रेस का चुनाव चिह्न खेत जोतते दो बैल की तस्वीर भी लगी हुई है।



# भांजे ने मामा पर चलाई थी ताबड़तोड़ गोलियां, दोस्त भी शामिल, पुलिस ने भेजा जेल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र अंतर्गत बी ब्लॉक गोविंदपुरम ईदगाह के पास दो बाइक सवार बदमाशों द्वारा अशोक यादव नामक व्यक्ति जो बी ब्लॉक गोविंदपुरम में रोडी बदरपुर का काम करता है दिनांक 23 मार्च 2024 की शाम 7:45 के आसपास गोली मारी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खुलासा किया है। एसीपी मसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 23 मार्च 2024 के शाम 6:45 के आसपास गोविंदपुरम बी ब्लॉक के पास अभिषेक और रॉबिन द्वारा अपने ही चचेरे मामा पर पांच राउंड गोलियां चलाई थी जिसमें दो गोली अशोक यादव को लगी। पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुरानी रंजिश के चलते मामला वर्ष 2016 में अशोक कुमार द्वारा अभियुक्त अभिषेक के पिता पर फायरिंग की थी। दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। मौके से एक पिस्तौल और एक पल्सर बाइक बरामद की गई है। अभिषेक के अपराधीक इतिहास के बारे में बताया कि अभिषेक के विरुद्ध थाना मसूरी में हत्या और






दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। शनिवार 30 मार्च –2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# टोल प्लाजा के पास अतुल गर्ग के स्वागत को लेकर आपस में उलझे भाजपाई

## महानगर अध्यक्ष ने दिया बयान और पूरी स्थिति समझाई



**अतुल गर्ग धौलाना विधायक धर्मेश तोमर के यहां जा रहे थे। टोल प्लाजा के पास कार्यकर्ता उनका स्वागत करना चाहते थे। इसी बीच वहां के भाजपाई दो गुटों में बंट गए। एक गुट चाहता था कि अतुल गर्ग पहले स्थान पर जाएं और दूसरा गुट चाहता था कि अतुल गर्ग वहां न जाएं।**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। शुक्रवार को अचानक से उस समय एक खबर सोशल मीडिया पर तैरने लगी जिसमें ये कहा गया कि भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग का विरोध हुआ है। थोड़ी देर में एक-दूसरे को फोन होने लगे और सब ये जानने को उत्सुक थे कि क्या हो रहा है। तब यह पता चला कि धौलाना में लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग धौलाना विधायक धर्मेश तोमर के यहां जा रहे थे। टोल प्लाजा के पास कार्यकर्ता उनका स्वागत करना चाहते थे। इसी बीच वहां के भाजपाई दो गुटों में बंट गए। एक गुट चाहता था कि अतुल गर्ग पहले स्थान पर जाएं और दूसरा गुट चाहता था कि अतुल गर्ग वहां न जाएं। इसी गुटबाजी को लेकर भाजपाइयों में आपस में विवाद हो गया और आपस में ही वो धक्कामुक्की करने लगे। काफी देर तक ये चर्चा होती रही कि धौलाना में हंगामा हुआ है।



### नहीं घटी है विरोध की कोई भी घटना : संजीव शर्मा



करंट क्राइम। इस पूरे मामले पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का वीडियो रिकॉर्डिड बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि कहीं कोई विरोध नहीं हुआ है। मैं स्वयं धौलाना में हूं और यहां धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, अजीत पाल त्यागी और हमारे लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग साथ हैं। कहीं कोई विरोध नहीं हुआ है। संजीव शर्मा ने कहा कि जिसने भी यह अफवाह फैलाई है हम उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे।

## अपने कार्यों से जिन्होंने पेश की है एक समाजसेवा की मिसाल

# क्या विधानसभा में कंसीडर होंगे चीफ वार्डन ललित जायसवाल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। कुछ लोग शांत भाव के साथ चलते हुए हमेशा शासन और प्रशासन को सहयोग करते हैं। हमेशा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरी भागीदारी के साथ निभाते हैं। इन चेहरों की बात करें तो यहां सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल भी सबसे अव्वल आते हैं। हालांकि ललित जायसवाल खुद को राजनीति से दूर रखते हैं लेकिन सोशल जिम्मेदारी से लेकर परोपकार तक ये चेहरा सबसे आगे रहा है। जब लॉकडाउन में महापलायन हुआ था तो उस रात लाल कुआं बार्डर पर मजदूरों के लिए भोजन और जल लेकर ललित जायसवाल पूरी रात मौजूद रहे थे। जब लॉकडाउन हुआ और बेघर लोगों के लिए भोजन की पहली चिंता ललित जायसवाल ने की और उन्होंने सामुदायिक किचन शुरू कराई। उसके बाद इस आइडिया को प्रशासन और शासन ने अपनाया। बात अगर सामाजिक भागीदारी की है तो कोरोना काल में ललित जायसवाल ने ही निशुल्क अंतिम संस्कार वाहन तब उपलब्ध कराए थे जब कोरोना से हुई मौत में लोग वाहन नहीं भेज रहे थे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हो तो ललित जायसवाल आयोजक होते हैं और मतदाता जागरूकता शिविर से लेकर कांवड़ यात्रा तक उनके विजन का जलवा दिखाई देता है। अब सवाल यह है कि जब विधानसभा उपचुनाव होगा तो क्या सिविल डिफेंस के चीफ वॉर्डन का चेहरा कंसीडर होगा। शहर के सांस्कृतिक विकास से लेकर रामलीला के मंच तक ललित जायसवाल की सक्रियता का पंच रहता है। अब यही देखना है कि शहर विधानसभा में जब उपचुनाव की बेला आएगी, तब क्या उन ललित जायसवाल को मौका मिलेगा जो हमेशा से अपना फोकस समाज सेवा के साथ करते आए हैं।




दीपक भाटी, समाचार सम्पादक

# बसपा का कैंडिडेट घोषित होने के बाद अब नजरे डॉली शर्मा पर !



पिछले कुछ चुनाव से बसपा जो सरप्राइज कार्ड चलते आ रही है। इस बार भी उम्मीद के मुताबिक कुछ ऐसा ही हुआ। विगत में हुए विधानसभा और मेयर चुनाव के पैटर्न को फॉलो करते हुए इस बार भी बीएसपी ने एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जिनका कोई पोलिटिकल इतिहास फि लहाल सामने नहीं आया है। ना ही इन सामाजिक गतिविधियों के बारे में कुछ खास पता चला है। हालाँकि पार्टी ने यहाँ पर मुस्लिम कार्ड की जगह पंजाबी कार्ड चलकर सबको हैरानी में डाल दिया है। बसपा उम्मीदवार के संबंध में जब हमने बसपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष कुलदीप कुमार ओके से बात की तो उन्होंने हमे सिर्फ.इतना कहा कि हमारे कैंडिडेट बहुत व्यावहारिक और सामाजिक है। माननीय बहन जी की भी इच्छा थी कि इस बार गाज़ियाबाद से लोकसभा का चुनाव किसी पंजाबी चेहरे को लड़ाया जाए। अब बसपा के उम्मीदवार कैसा चुनाव लड़ेंगे ये तो वक्त ही बतायेगा। मगर उनकी घोषणा के बाद अब निगाहें कांग्रेस उम्मीदवारी डॉली शर्मा पर आकर टिक गई है। डॉली शर्मा कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा है। पूर्व में वो लोकसभा का चुनाव भी गाज़ियाबाद से लड़ चुकी है। रिजल्ट क्या रहा, इस बारे में ज्यादा ज़िक्र करने की जरूरत नहीं है। मगर उनके उम्मीदवार घोषित होने से ये तो क्लियर हो गया है कि जब भाजपा के उम्मीदवार की चर्चा होगी तब डॉली शर्मा का नाम उनके मुकाबले में जरूर लिया जायेगा। मार्केट में अब डॉली शर्मा की उम्मीदवारी को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे है। पहला सवाल तो यह है कि क्या डॉली शर्मा भगवा गढ़ के मजबूत संगठन के सामने मजबूती से टिक पायेंगी ? क्या कांग्रेस का बिखरा हुआ संगठन उनको चुनाव में कोई संजीवनी दे पायेगा ? चुनाव लड़ने के लिए जिन मजबूत राजनीतिक अस्त्रों और शास्त्रों की जरूरत होती है, क्या उनका इस्तेमाल वह मजबूती से कर पायेंगी ? पिछले एक वर्ष में डॉली शर्मा ने कई विषम परिस्थितियों का सामना किया है। क्या वो इन सब स्तिथियों से उबर कर अपने चुनाव को धार दे पायेंगी ? विगत चुनावों में उनके पिता उनके चुनाव के आधे से ज्यादा मैनेजमेंट को सम्भाल लिया करते थे। फिलहाल वह स्वास्थ लाभ ले रहे है। क्या डॉली शर्मा अपने पिता की तरह चुनावी मैनेजमेंट की उन बारीकियों को समझ पायेंगी। इसमें कोई शक नहीं कि डॉली शर्मा एक अच्छी वक्ता है. अपने संबोधन से लोगों को जोड़ना जानती है. मगर इससे आगे भी चुनाव की परिस्तिथिया काफी जटिल है। बूथ, बस्ते, जनसभाओं, मीटिंग, गुटबाजी सहित प्रचार के विभिन्न आयामों को पूरा करने के साथ साथ उनको भाजपा के अपराजित रथ को रोकने के लिए कोई चमत्कारी परफॉरमेंस दिखानी होगी। पक्ष और विपक्ष वाले डॉली शर्मा की उम्मीदवारी का अपने अनुसार आँकलन कर रहे है। कोई उन्हें मजबूत तो कोई उन्हें ठीक ठाक कैंडिडेट मानकर चल रहा है। पार्टी अलाकमान ने उन्हें गाज़ियाबाद जैसे बड़ी सीट से टिकट देकर उनपर विश्वास जताने के साथ उनका मान सम्मान भी बढ़ाया है। देखना अब ये है कि डॉली शर्मा अपनी शैली के अनुसार मैदान में आती है या नहीं। हार जीत बाद का प्रश्न है। मगर चुनावों में प्राप्त होने वाले वोटों का आँकड़ा किसी भी उम्मीदवार के राजनीतिक कद को तय करने में बड़ी भूमिका निभाता है। गाज़ियाबाद में कांग्रेस की बंजर जमीन पर डॉली शर्मा कितने वोटों की हरियाली लाती है ये सब उनकी परफॉरमेंस पर ही निर्भर करेगा। चुनाव शुरू हो चुका है। विपक्ष के एक मजबूत उम्मीदवार के तौर पर निगाहें उनपर आकर टिक गई है।

# चुनावी सीजन में नहीं दिख रहा है साइकिल वालों में जोश इधर हुई डॉली शर्मा की घोषणा उधर सपाई हो गए खामोश

## गठबंधन की गांठ का नजर नहीं आ रहा है सोशल मीडिया से लेकर विजय दिलाने में रोल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गज़ियाबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन प्रत्याशी के रूप में डॉली शर्मा को मैदान में उतर गया है। डॉली शर्मा को टिकट मिलने के बाद साइकिल वाला खेमा खामोश नजर आ रहा है। पार्टी के बड़े और प्रमुख नेताओं से लेकर गाजियाबाद की राजनीति में वर्चस्व रखने वाले नेता अब तक ना तो डॉली शर्मा के किसी सोशल मीडिया पोस्ट पर नजर आए हैं, ना वह उनको विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं। इसके साथ ही जिस प्रकार से दोनों दलों के बीच गठबंधन वाली गांठ बांधी गई है, उसका भी मेलजोल अभी नजर नहीं आ रहा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने प्रदेश में तमाम सीटों को लेकर गठबंधन वाला कार्ड खेला है। इस कार्ड खेलने के पीछे मकसद था कि भारतीय जनता पार्टी को चोट दी जाए लेकिन गाजियाबाद की मौजूदा स्थिति अभी इससे अलग नजर आ रही है।




लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन प्रत्याशी के रूप में डॉली शर्मा को मैदान में उतर गया है।

### क्या डॉली शर्मा के लिए चुनौती रहेगी चुनाव



**(करंट क्राइम)।** डॉली शर्मा गाजियाबाद में पहले भी दो प्रमुख चुनाव में किस्मत आजमा चुकी हैं। तब उन्हें सफलता नहीं मिली थी लेकिन उन्होंने लोगों के दिलों और दल की राजनीति को बेहतर ढंग से करने का काम किया था। इस बार कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें गठबंधन का प्रत्याशी बनाया है। अब देखना होगा कि वह भाजपा के प्रत्याशी अतुल गर्ग के सामने किस तरह की चुनौती पेश कर पाती हैं। सपा और कांग्रेस के नेता उनके लिए कौन से जादूई प्रयास करते हैं, जिससे गाजियाबाद में गठबंधन वाली पार्टी के लिए कुछ अच्छे दिन वाला संदेश निकाल कर आए।

### सोशल मीडिया पर भी नहीं दिख रहा कैंडिडेट का जोश

**(करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी की साइकिल भले गाजियाबाद में ना चल रही हो लेकिन उन्हें हाथ को साथ देना होगा। डॉली शर्मा के टिकट की घोषणा होने के बाद अब तक सोशल मीडिया पर समाजवादी पार्टी के किसी बड़े प्रमुख पदाधिकारी और नेताओं की ओर से डॉली शर्मा के लिए ना तो बधाई संदेश आया है ना दोनों दल के झंडों के साथ वाला कोई पोस्ट और फोटो दिख रहा है। यह स्थिति बता रही है कि अभी सोशल मीडिया पर भी कांग्रेस और सपा के पदाधिकारी के बीच जोश वाला सीन नहीं बन पाया है, जो आने वाले दिनों में डॉली शर्मा के लिए ऑक्सीजन प्रदान करने वाला बन सके।

### कार्यकर्ताओं को दिखाना होगा जोश, तभी बनेगी वोटिंग के समय बात

**(करंट क्राइम)।** आगामी लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद लोकसभा सीट से सपा और कांग्रेस की संयुक्त प्रत्याशी के रूप में डॉली शर्मा मैदान में आई हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनपर भरोसा जताया है अब देखना होगा कि वोटिंग से पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के प्रमुख नेता किस प्रकार की कैंपेनिंग करने के साथ–साथ अपनी नेता के पक्ष में वोट कराने का माहौल बना पाते हैं। जिस प्रकार से माहौल बनेगा, उसी प्रकार से वोटिंग का ग्राफ नजर आएगा। बता दें की गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को देशभर में लोकसभा चुनाव का परिणाम एक साथ जारी किया जाएगा।

# लोकसभा चुनावों के बीच में विधानसभा वाली दावेदारी की परवाज

## सवर्ण फैक्टर के बाद अब उठी ओबीसी और दलित भागीदारी की आवाज

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनाव लोकसभा का हो रहा है और दावेदारी विधानसभा की चल रही है। यह कहानी गाजियाबाद की लोकसभा में चल रही है। एक नहीं कई दावेदार भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे के लिए तैयार हैं।

लोकसभा चुनाव के बीच में विधानसभा वाली दावेदारी का पूरा तूफान उठा हुआ है। वजह भी यह है कि शहर विधायक अतुल गर्ग को भाजपा ने लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। उनके लोकसभा उम्मीदवार बनते ही विधानसभा के दावेदारों की उम्मीदें परवान चढ़ रही हैं। यहां पर ये माना जा रहा है कि पहले के रिकॉर्ड और भाजपा की तैयारियों को देखकर जीत लगभग सुनिश्चित है। ऐसे में भाजपा की एक लॉबी यह मानकर चल रही है कि अब शहर विधानसभा की सीट खाली हो जाएगी और उस पर चुनाव होगा। उपचुनाव की धूम है और दावेदारी का बूम आ गया है। यहां पर पहले सवर्ण फैक्टर पर बात चली रही थी और उसमें वैश्य और ब्राह्मण चेहरों का नाम चल रहा था। अब भाजपा की ही एक लॉबी ने यहां पर ओबीसी और दलित फैक्टर की दावेदारी पर फोकस किया है। उनका कहना है कि जिस तरह से तीन विधायक सवर्ण समाज से हैं जिनमें अतुल गर्ग, सुनील शर्मा और अजीत पाल त्यागी हैं। इसी तरह ओबीसी वर्ग से नंदकिशोर गुर्जर और मंजू शिवाच हैं।

अब एक विधायक दलित समाज से भी होना चाहिए। यहां प्रदीप चौहान के नाम की चर्चा शुरू हो गई है। प्रदीप चौहान भाजपा का वो बाल्मीकि चेहरा है जिसने हमेशा से भाजपा का झंडा उठाया है। पार्टी के हर आंदोलन में ये चेहरा शामिल रहा है। अगर बात दलित समाज में भी बाल्मीकि भागीदारी की आती है तो यहां प्रदीप चौहान की दावेदारी मजबूत नजर आती है। दलित फैक्टर पर बात करें तो यहां सुशील गौतम, अशोक संत, राजेश्वर प्रसाद और लेखराज माहौर के नाम भी आते हैं। ये भाजपा के दलित चेहरे हैं और दलित फैक्टर में इन नामों पर भी विचार हो सकता है।







### ओबीसी कार्ड का चेहरा सुनील यादव



गाजियाबाद। करंट क्राइम। शहर विधान सभा की बात करें तो यहां ओबीसी फेस के रूप में सुनील यादव अपना बेस रखते हैं। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। हाल ही में भाजपा के बागी रिटर्न कार्यक्रम की कमान संभाली है लाइन पर क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का ओबीसी चेहरा हो सकते हैं।

## संपादकीय

# औसत भारत बेरोजगार

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का मानना है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। जब बेरोजगारी की बात उठती है, तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। वह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान की भारत रोजगार रपट 2024 को पेश किए जाने के अवसर पर बोल रहे थे। यदि बेरोजगारी सरकार का कोई सरोकार नहीं है, तो देश के जीडीपी के आंकड़े और आर्थिक विकास दर कैसे तय की जाती है। क्या जीडीपी भारत के हवा-पानी का ही कोई संकलन है? जीडीपी देश के नागरिकों के रोजगार, उनके संसाधन और अंशदान के आधार पर ही आकार लेता है। बेशक हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर निरंतर जारी है। फरवरी, 2024 में जो डाटा सामने आया है, उसके मुताबिक, जीडीपी की विकास-दर 2023-24 में 7.6 फीसदी रहेगी। यह पहले के अनुमान 7.3 फीसदी से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में यह आकलन किया गया है कि 2024-25 में विकास-दर 7 फीसदी रह सकती है। हमारी विकास-दर दुनिया के सभी बड़े देशों की तुलना में सर्वाधिक है, लिहाजा आम भारतीय का गदगद होना स्वाभाविक है। हालांकि औसत भारतीय आज तक इसका विश्लेषण नहीं कर पाया है कि विकास-दर से उसकी प्रत्यक्ष आय में कितनी बढ़ोतरी होती है। आर्थिक बढ़ोतरी के बावजूद चिंताएं श्रम बाजार, श्रम बल, उत्पादक रोजगार आदि को लेकर ज्यादा हैं। आईएलओ की रपट के मुताबिक, भारत देश के कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 54.2 फीसदी से बढकर 2022 में 65.7 फीसदी हो गई है। जो रोजगार बढ़ा है, उसके दो-तिहाई में स्वरोजगार वाले कामगार हैं। कृषि में भी बेरोजगारी बढ़ी है। मैन्यूफैक्चरिंग में भी रोजगार की हिस्सेदारी स्थिर रही है। संकेत चिंताजनक हैं, जिन पर गंभीर मंथन किया जाना चाहिए। आईएलओ रपट में भारत में कुल 83 फीसदी बेरोजगारी बताई गई है, तो यह क्या है? मुख्य आर्थिक सलाहकार जरा देश को समझाएं कि क्या 83 फीसदी देश बेरोजगार है? दरअसल भारत के विकास का केंद्रीय मुद्दा यह रहा है कि अधिक से अधिक नौकरियां पैदा की जाएं। बेशक यह अकेले सरकारी क्षेत्र में संभव नहीं है, लेकिन निजी क्षेत्र की भी शिकायत रही है कि उन्हें हुनरमंद कामगार ही नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि कंपनियों में रिक्तियां हैं। नौकरियां या रोजगार के अवसर पैदा करना ही बहुत बड़ी चुनौती है। स्वरोजगार में भी दिहाड़ीदार भी शामिल हैं। रपट बताती है कि श्रम बाजार में औसतन हर साल 70-80 लाख नए कामगार प्रवेश करते हैं। हालांकि युवा बेरोजगारी में 2019 में 17.5 फीसदी से 2022 में 12.1 फीसदी की कमी आई है, लेकिन यह बेरोजगारी शहरी इलाकों के पढ़े-लिखे युवाओं में अधिक है। यदि इस वर्ग को देश के जनसंख्याई लाभांश में तबदील करना है, तो ज्यादा से ज्यादा, हर किस्म के, रोजगार पैदा करने होंगे। उद्योग और सेवा-क्षेत्र में हुनरमंद रोजगार बढ़ा है, लेकिन यह देश के श्रम बाजार की जरूरतों के विपरीत है। विडंबना यह भी है कि यदि नौकरी निकले चपरासी की, जिसके लिए शैक्षिक पात्रता 5वीं पास मांगी जाए, लेकिन 3700 पीएचडी धारक बेरोजगार भी आवेदन कर दें, तो यही कहा जा सकता है कि शैक्षिक डिग्रियां भी नौकरी की गारंटी नहीं हैं। यह हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए गंभीर चुनौती है। देश की कामकाजी उम्र की आबादी करीब 63 फीसदी है। फिलहाल यह स्थिर है। यह जनसंख्या की ऐसी खिडकी है।

# आयकर विभाग से कांग्रेस को फिर झटका

## 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस किया जारी




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस को ताजा टैक्स डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है और इसमें जुमार्ना और ब्याज शामिल है। आयकर विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार ताजा डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है और इसमें जुमार्ना और ब्याज शामिल है।

इससे पहले गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ चार साल के लिए पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही के आयकर विभाग के आदेश को चुनौती देने वाली कांग्रेस पार्टी की याचिका खारिज कर दी थी। हाल ही में कोर्ट ने 2014 से 2017 वर्ष बीच के करों के पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अलग-अलग आकलन वर्षों से संबंधित चार याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं मूल्यांकन वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित थीं। इससे पहले 22 मार्च को, अदालत ने 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के आकलन वर्षों के लिए आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई पुनः मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से करीब 105 करोड़ रुपये का बकाया कर वसूलने के आयकर नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के फैसले को बरकरार रखा है। हालांकि, अदालत ने कांग्रेस पार्टी को अपनी शिकायतों के साथ नए सिरे से आईटीएटी में जाने की स्वतंत्रता दी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने हाल ही में आयकर वसूली के खिलाफ आईटीएटी का दरवाजा खटखटाया था और उनके बैंक खातों की वसूली और फ्रीज करने की आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की थी। कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा था कि आयकर विभाग ने सुनवाई के नतीजे का इंतजार किए बिना बैंकों के पास पड़ी शेष राशि को फ्रीज कर दिया। पार्टी ने अपील की थी कि जब तक स्थगन आवेदन का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक विभाग अपनी कार्रवाई रोक दे। इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक रूप से 'पंगु' बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी की एक हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी के बैंक खातों से जबरन पैसा लिया जा रहा है।

SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिन महीने साल गुजरते जायेंगे और ज्योति गुमास्ता हर वर्ष पूरे हर्ष के साथ गिरीश गुमास्ता को हैप्पी बर्थडे विश करती रहेंगी। आज गिरीश गुमास्ता का जन्मदिन है और इस स्पेशल दिन पर उन्हें स्पेशल विश के साथ गाजियाबाद से नमिता भल्ला प्रखर भल्ला ने लंबी आयु,उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन,खुशहाल जीवन ,उमंग उल्लास से परिपूर्ण जीवन की कामना के साथ बधाई शुभकामनाएं दीं है।

# 2047 तक 55 लाख करोड़ डॉलर होगी देश की जीडीपी




**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। यह पिछले डेढ़ साल में जीडीपी वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार है। अक्तूबर-दिसंबर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.6 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अगर यह रफ्तार कायम रही तो इस अवधि तक भारत 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट (केवी) सुब्रमण्यम ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह तभी संभव है, जब देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए। सुब्रमण्यम ने कहा कि 8 फीसदी की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार इस रफ्तार से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार उम्मीद से बेहतर भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी।

## 'भाजपा पूर्व पीएम से माफी मांगे'

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने जिस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है वह राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, जो अब अजीत पवार की अध्यक्षता वाले गुट से जुड़े हैं के कार्यकाल का है। वे कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री थे। एयर इंडिया-इंडियन एयरलाइंस विलय मामले में सीबीआई की ओर से क्लोजर रिपोर्ट दाखिल किए जाने के बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने गुरुवार को भाजपा से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से माफी मांगने को कहा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने संप्रग काल में एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय के बाद गठित कंपनी एनएसीआईएल द्वारा विमान पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है क्योंकि उसे 'किसी तरह की गड़बड़ी का कोई साक्ष्य' नहीं मिला है।

## लगता जंगल में फिर आ गया चुनाव

प्रस्तुति करंट क्राइम



नरेंद्र राठी
(कवि गाजियाबादी)





अरे वाह लगता,
जंगल में फिर आ गया चुनाव,
हाथी की रहती थी गर्दन अकडी,
कैसे आ गया इतना झुकाव ,
बंदर उछल कर चक्कर लगे हैं काटने,
कुत्ते तलवे लगे हैं चाटने,
जो मिलते नहीं थे कभी,
वो उपहार लगे हैं बांटने,
बिच्छु का भी बदल गया स्वभाव,
अरे वाह लगता,
जंगल में फिर आ गया चुनाव
मगरमच्छ घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं,
चीते शाकाहारी बन घास फुंस खा रहे हैं,
याचक बन
चरणो में पड़े हुए हैं,
आशिर्वाद के लिए दर पर खड़े हुए हैं,
दो चार गाली भी वो निगल गये हैं,
गिरगिट सा रंग बदल गये हैं,
किसी से नहीं कोई मनमुटाव,
अरे वाह लगता,
जंगल में फिर आ गया चुनाव,,
शेर दुम हिलाने लगे हैं,
मैं तुम्हारा तुम सब मेरे,
सबको समझाने लगे हैं,
नाग नहीं फुंकार रहे हैं,
भेड़िया खरगोश को दुलार रहे हैं,
कुत्ते बिल्ली को बहन पुकार रहे हैं,
सांप का नेवले से हो गया प्रेम भाव,
अरे वाह लगता,
जंगल में फिर आ गया चुनाव,....

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीटू जंगल में जा रहा था तभी एक सांप ने उसके पैर में काट लिया।
टीटू को अचानक गुस्सा आया और सांप के आगे पैर कर दिया,
कहा ले...काट ले...जितना काटना है काट ले।
सांप ने फिर तीन-चार बार पैर पर लगातार काटा
फिर सांप थक कर बोला- अबे तू इंसान है या भूत?
टीटू- मैं तो इंसान ही हूं लेकिन मेरा यह पैर नकली है।

---

पत्नी ने मायके जाकर पति को फोन किया और कहा कैसे हो जी,
पति ने फोन उठाया और कहा ठीक हूं।
पत्नी- मेरी याद आती है तब क्या करते हो?
पति- तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता खा लेता हूं।
और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी - मैं भी रॉयल स्टैग का क्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा की टमाटर पीले, गुलाबी, बैंगनी, काले और यहां तक कि सफेद भी हो सकते हैं।
- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।

## 30 03 2024 आज के जन्मदिन

करंट क्राइम परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



पलक मुच्छल
सिंगर



शालू



नरेश चंद शर्मा एड.



अनमोल गुप्ता



बिजेंद्र सिंह



परमानंद गर्ग



राहुल त्यागी



ब्रिजेश शर्मा



जुबैर मलिक



नरेश पाल



अनु कपूर



डीएम कौशिक



सुनील कुमार गुप्ता



रितु त्यागी



प्रफुल शर्मा



राकेश कुमार



आसिफ खान



सार्थक खारी

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

# राजस्थान के खिलाफ मैच के दौरान पंत ने खोया आपा



**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल के 17वें सीजन में शुरूआत अच्छी नहीं रही है और उसे लगातार दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पहला मैच गंवाने के बाद दिल्ली को राजस्थान रॉयल्स के हाथों भी हार झेलनी पड़ी। राजस्थान ने गुरुवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मैच में दिल्ली को 12 रनों से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राजस्थान के लिए ऑलराउंडर रियान पराग ने 45 गेंदों पर नाबाद 84 रनों की पारी खेली जिससे टीम मुश्किल परिस्थितियों से उबर कर दिल्ली के सामने कठिन लक्ष्य रखने में सफल रही थी। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत आउट होने के बाद गुस्से में नजर आए और उन्होंने अपना बल्ला पर्दे पर दे मारा। लय बरकरार नहीं रख सकी दिल्ली राजस्थान के खिलाफ मैच में अधिकतर समय दिल्ली का ही पलड़ा भारी था और उसने राजस्थान को शुरूआती झटके दिए थे। हालांकि रियान पराग दिल्ली के गेंदबाजों के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। उन्होंने एनरिक नॉर्त्जे के 20वें ओवर से 25 रन निकाले जिसके दम पर राजस्थान पांच विकेट पर 185 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में दिल्ली को अंतिम ओवर में 17 रनों की जरूरत थी, लेकिन टीम ऐसा नहीं कर सकी। दिल्ली के लिए सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 34 गेंदों पर 49 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स 23 गेंदों पर 44 रन बनाकर नाबाद रहे। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत 26 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए। गुस्से पर काबू नहीं रख सके पंत दिल्ली के लिए अपना 100वां मैच खेलने वाले पंत को युजवेंद्र सिंह ने 14वें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे दाएं हाथ के बल्लेबाज पंत को चहल ने संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। आउट होने के बाद पंत अपने गुस्से पर काबू नहीं रख सके और पवेलियन लौटने के बाद अपना बल्ला काले पर्दे पर मारते दिखे। इंटरनेट पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पंत आउट होने की निराशा को छिपा नहीं सके और अपना बल्ला पर्दे पर मार बैठे।

**दिल्ली के लिए 100 आईपीएल खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने पंत**

लंबे समय बाद मैदान पर वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत गुरुवार को दिल्ली के लिए 100 आईपीएल मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। पंत ने दिल्ली के लिए 2016 में डेब्यू किया था और 2021 में उन्हें टीम की कमान सौंपी गई थी। ओवरऑल पंत दुनिया के 21वें ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 100 या उससे अधिक मैच खेले हैं। भारतीय स्पिनर अमित मिश्रा पंत के बाद दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। अमित अबतक दिल्ली के लिए 99 मैच खेल चुके हैं। अमित इससे पहले अन्य टीमों का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और आईपीएल में उन्होंने अबतक 161 मैच खेले हैं। इस दौरान अमित के नाम 173 विकेट हैं। दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने के अलावा पंत के नाम इस टीम के लिए सबसे ज्यादा रन, सबसे ज्यादा छक्के और सर्वाधिक निजी स्कोर बनाने का भी रिकॉर्ड है।

**15 महीने बाद की थी वापसी**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने आईपीएल 2024 से 15 महीने बाद मैदान पर वापसी की थी। पंत दिसंबर 2022 में दिल्ली से घर जाते समय कार दुर्घटना में गभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इससे ठीक होने में करीब 15 महीने का समय लगा और फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद उनकी मैदान पर वापसी संभव हो सकी। वापस लौटने पर पंत को एक बार फिर दिल्ली की कप्तानी सौंपी गई। पंत हालांकि दो मैचों में अपने बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वॉलिफाई



**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वॉलीफाई किया है। दरअसल, सिंधु और लक्ष्य ने एमएस खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। जहां पीवी सिंधु को हाल ही में हुए ऑल इंग्लैंड चैंपियशिप में महिला एकल के दूसरे में अपनी प्रतिद्वंद्वी कोरिया के एन से यंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु मैच के दौरान एक समय अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने टॉप रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। हालांकि, इसके बावजूद ये माना जा रहा है कि भारत की ये स्टार शटलर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में सफल हो गई है। वहीं लक्ष्य सेन ने इस टूनार्मेंट में हार का सामना किया। उन्हें इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-12, 10-21, 21-15 से हराया।

लक्ष्य सेन के हालिया पुनरुत्थान से उन्हें 64021 अंकों के साथ आरटीपी 12 तक पहुंचने में मदद मिली है। किदांबी श्रीकांत के स्विस ओपन में पहुंचने से उन्हें 27 (47943 अंक) से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी, लेकिन जैसा कि आप कुल अंकों के साथ देख सकते हैं, अंतर अब बहुत बड़ा है।

लक्ष्य मैड्रिड में जोरदार प्रदर्शन कर इसे अपने नाम करना चाहेंगे। उनके पहले दौर के प्रतिद्वंद्वी जापान के ताकुमा ओबायाशी (आरटीपी 31, जापान के 5वें उच्चतम) हैं और दूसरे दौर में उनका सामना संभावित रूप से हमवतन किरण जॉर्ज से हो सकता है। कार्ड में लोह कीन यू या क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ संभावित क्वार्टर है, और इससे भी बेहतर सेमीफाइनल संभावना है।

# रियान पराग ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रचा इतिहास

## तोड़ा कप्तान संजू सैमसन का बड़ा रिकॉर्ड



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को आईपीएल 2024 का नौंवा मुकाबला खेला गया। इस मैच में राजस्थान ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम की इस जीत में रियान पराग ने अहम भूमिका निभाई। उनकी अर्धशतकीय नाबाद पारी के बदौलत संजू सैमसन की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 185 रन बनाए। इस विस्फोटक प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी टीम के कप्तान संजू सैमसन का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। असम के इस बल्लेबाज ने आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सीजन के शुरूआती मैच में 43 रनों की शानदार पारी खेली थी। हालांकि, वह अर्धशतक से चूक गए। आज उन्होंने 45 गेंदों में 84 रन की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और छह छक्के निकले। 56 आईपीएल मैचों में यह उनके करियर का तीसरा अर्धशतक निकला। उनकी इस दमदार पारी की बदौलत राजस्थान ने दिल्ली को मात दी। रियान पराग ने तोड़ा संजू सैमसन का रिकॉर्ड रियान पराग के लिए यह मुकाबला काफी खास रहा। दिल्ली के खिलाफ उन्होंने अपने टी20 करियर का 100वां मैच खेला। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में 34 टी20 मैच खेले। इसी के साथ उन्होंने संजू सैमसन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रियान सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी बन गए जिन्होंने 100 टी20 मैच खेले। उन्होंने 22 वर्ष और 139 दिन की उम्र में 100वां टी20 मैच खेला जबकि संजू सैमसन ने 22 वर्ष और 157 दिन की आयु में 100वां मुकाबला खेला था। इस लिस्ट में वॉशिंगटन सुंदर, ईशान किशन और ऋषभ पंत का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 22 वर्ष की आयु में अपने करियर का 100वां टी20 मुकाबला खेला। मैच के बाद भावुक हुए रियान पराग इस मैच के बाद रियान काफी भावुक हो गए।

उन्होंने अपनी मां का जिक्र किया और अपने संघर्ष पर चर्चा की। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, ₹मेरी मां भी यहां हैं, उन्होंने मेरा संघर्ष देखा है। मैंने हमेशा अपने ऊपर विश्वास किया है। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या सोच रहा है। पहले चार में से किसी एक को बीस ओवर खेलना होगा और यह एक ऐसा पहलू है जिस पर हम काफी समय से चर्चा कर रहे हैं। पिछले मैच में संजू भैया ने यह जिम्मेदारी निभाई और इस मैच में यह काम मुझे करना था।

# 'कोहली ने महिला टीम का सम्मान करने कहा था', आरसीबी की इस खिलाड़ी का बड़ा दावा



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सीजन का खिताब जीता था। इस फ्रेंचाइजी के लिए यह उपलब्धि काफी मायने रखती है क्योंकि आईपीएल के 16वें सीजन तक आरसीबी की पुरुष टीम ने कभी ट्रॉफी नहीं जीती थी। महिलाओं ने हालांकि आरसीबी के इस खिताबी सूखे को समाप्त कराया और स्मृति मंधाना की अगुआई वाली टीम ने जीत दर्ज की थी। टीम के ऑलराउंडर कैट क्रॉस ने दावा करते हुए कहा कि विराट कोहली ने टीम के मालिक से आरसीबी अनबॉक्स इवेंट के दौरान महिला टीम का सम्मान करने कहा था। आईपीएल से पहले हुआ था अनबॉक्स इवेंट आरसीबी की टीम अपने फैंस के लिए हर साल अनबॉक्स इवेंट का आयोजन करती है। इस बार भी यह इवेंट बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुआ था। आईपीएल 2024 सीजन की शुरूआत से पहले 19 मार्च को यह आयोजन हुआ था जिसमें टीम का नाम आधिकारिक रूप से बदलकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु किया गया था। पहले टीम का नाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर था। इस इवेंट के दौरान आरसीबी की पुरुष टीम ने महिला टीम को डब्ल्यूपीएल जीतने पर गॉर्ड ऑफ हॉनर दिया था। क्रॉस जिन्होंने इस सीजन टीम के लिए एक भी मैच नहीं खेला था उन्होंने कहा कि महिला टीम का सम्मानित करने का आइडिया कोहली का था। उन्होंने कहा, मालिक को विराट कोहली का संदेश गया कि हमें इवेंट के दौरान महिला टीम को सम्मानित करना चाहिए। फाइनल में दिल्ली को हराया था आरसीबी ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए डब्ल्यूपीएल के फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 113 रन बनाए थे। आरसीबी ने 19.3 ओवर में दो विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया। आरसीबी ने श्रेयांका पाटिल और मोलीन्यूक्स की शानदार गेंदबाजी के दम पर दिल्ली को बड़ा स्कोर बनाने से रोका था। बाएं हाथ की स्पिनर मोलीन्यूक्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। आईपीएल में जलवा बिखेर रहे कोहली कोहली इन दिनों आईपीएल में आरसीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कोहली की कोशिश है कि महिला टीम की तरह पुरुष टीम भी इस बार खिताब जीते। कोहली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पहले मैच में बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, लेकिन उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के दूसरे मुकाबले में अर्धशतक जड़ा था और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। कोहली को उस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

# क्रिकेट की पिच पर मोदी के मंत्री ने दिखाया दम, गेंद और बल्ले से मचाया धमाल



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंसुख मंडाविया को क्रिकेट की पिच पर दम दिखाते देखा गया। शुक्रवार को उनका एक वीडियो सामने आया जिसमें उन्हें पोरबंदर के लोगों के साथ क्रिकेट खेलते देखा गया। पहले उन्होंने गेंद से कहर बरपाया, बाद में बल्ले से धमाल मचाया। मंडाविया इन दिनों लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें पोरबंदर से टिकट दिया। स्वास्थ्य मंत्री को लेफ्ट ऑर्म स्पिन गेंदबाजी करते देखा जा सकता है। उन्होंने काली टी-शर्ट और सफेद जूते पहन रखे हैं। बाद में वह बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते भी नजर आते हैं। इस वीडियो को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंडाविया लंबे वक्त से क्रिकेट खेल रहे हैं। मैच के बाद उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की और क्रिकेट को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा की। कौन हैं मनसुख मंडाविया? मनसुख मंडाविया केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं। मंडाविया अपनी युवावस्था से ही राजनीति में बहुत सक्रिय रहे हैं। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य बने और जल्द ही एबीवीपी, गुजरात इकाई की राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य बन गए। उनके नाम गुजरात में विधान सभा के सबसे कम उम्र के सदस्य होने का रिकॉर्ड भी है। वे पहली बार 2002 में चुने गए थे। 38 वर्ष की कम उम्र में डॉ. मनसुख मंडाविया गुजरात से राज्यसभा सांसद बने। 2016 में डॉ. मनसुख मंडाविया ने भारत सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग, जहाजरानी और रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। उन्हें मार्च 2018 में राज्यसभा में सांसद के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया। मई 2019 में डॉ. मनसुख मंडाविया ने भारत सरकार के मंत्रिपरिषद में राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। वह रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री होने के साथ-साथ बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) थे। डॉ. मनसुख मंडाविया ने जुलाई 2021 में रसायन और उर्वरक मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। 19 अप्रैल से होंगे लोकसभा चुनाव चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल से सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। लोकसभा चुनावों के साथ 26 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। आईपीएल 2024 का आगाज हो चुका है इन दिनों क्रिकेट का सीजन चल रहा है। आईपीएल 2024 का आगाज हो चुका है। 10 टीमें इस टूनार्मेंट में भाग ले रही हैं जिनमें मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ही दो टीमें ऐसी हैं जिन्हें अब तक एक भी मैच में जीत नहीं मिली है। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सिर्फ एक मैच खेला है। टीम को पहली जीत की तलाश है। इस टूनार्मेंट के प्लेऑफ अहमदाबाद और चेन्नई में खेले जाएंगे। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच होगा। वहीं, 24 मई को क्वालिफायर 2 खेला जाएगा। आईपीएल का फाइनल 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आयोजित होगा।

## बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंची

**मियामी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे।

# मोंटे कार्लो और म्यूनिख में क्ले कोर्ट टूनार्मेंट नहीं खेलेंगे एंडी मरे



**नई दिल्ली।** एंडी मरे मियामी ओपन में लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूनार्मेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। उनकी प्रबंधन टीम के बयान के अनुसार, ह्यह्यइस समय अभी तक स्पष्ट नहीं है कि एंडी कितने लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे। वह अपनी चिकित्सा टीम के साथ विकल्पों की समीक्षा जारी रखेंगे। इसमें कहा गया, निश्चित रूप से यह एंडी के लिए बहुत ही निराशाजनक खबर है और उन्होंने दोहराया है कि वह जितना जल्दी हो सके कोर्ट पर वापसी करने के इच्छुक हैं। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

# दिल्ली मैनेजमेंट और अंपायर्स के बीच नियमों को लेकर जंग, पोंटिंग-गांगुली की वजह से बीच में रुका मैच



**जयपुर।** आईपीएल के नौवें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग और टीम के डॉयरेक्टर सौरव गांगुली ने बवाल मचा दिया। दोनों की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, अंपायर नितिन मेनन ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया और मैच दोबारा शुरू हुआ।

दरअसल, यह घटना दिल्ली की पारी के पहले ओवर की है। दो गेंदों के बाद अचानक मैच रोक दिया गया। पोंटिंग और गांगुली ने रोवमैन पॉवेल के मैदान पर पहुंचने पर आपत्ति जताई। उन्होंने डगआउट से ही अंपायर्स से बहस करना शुरू कर दिया। राजस्थान ने शिमरोन हेटमायर की जगह नांद्रे बर्गर को इम्पैक्ट सब के रूप में चुना था। टीम ने उन्हें प्लेइंग 11 का हिस्सा दिल्ली की पारी शुरू होने से पहले बना लिया। राजस्थान के तूफान में उड़ा दिल्ली का खेमा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच गुरुवार को खेले गए मैच में संजू सैमसन की टीम ने मेहमानों को 12 रन से हरा दिया। राजस्थान ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 185 रन बनाए।

इसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर सिर्फ 173 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2024 में लगातार दूसरी शिकस्त मिली है। इससे पहले पंजाब किंग्स ने दिल्ली को चार विकेट हराया था। राजस्थान ने लगातार दूसरी जीत के साथ अपने नेट रनरेट में सुधार कर लिया है। चार अंक और 0.800 के नेट रनरेट के साथ टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स आठवें पायदान पर है। दिल्ली और मुंबई दो ऐसी टीमें हैं जिन्हें अब तक इस टूनार्मेंट में कोई जीत नहीं मिली है।

**पोंटिंग-गांगुली से नियम समझने में हुई गलती**

रिकी पोंटिंग और गांगुली इंपैक्ट सब के नियम को ठीक ढंग से समझने में नाकाम दिखे, क्योंकि राजस्थान की टीम ने अपनी प्लेइंग 11 में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को जगह दी थी। ऐसे में पॉवेल को मैदान पर देखते ही दिल्ली का मैनेजमेंट बौखला गया, उन्हें लगा कि पॉवेल पांचवें विदेशी खिलाड़ी हैं जबकि हेटमायर को पारी की शुरूआत में बर्गर से बदल दिया गया था। ऐसे में राजस्थान की टीम पॉवेल सहित सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों के साथ मैदान पर खेल रही थी। इनमें पॉवेल, नांद्र बर्गर, जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट शामिल थे। उन्हें कुछ देर के लिए सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर रखा या था।

# केकेआर का डगआउट देखते ही चढ़ जाएगा कोहली का पारा



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच आज एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2024 का 10वां मुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले में जहां विराट कोहली आरसीबी के लिए खेलते दिखेंगे, वहीं गौतम गंभीर केकेआर के मेंटर के रूप में टीम के डगआउट में नजर आएंगे। कोहली और गंभीर के बीच पिछले सीजन कहासुनी हुई थी और दोनों एक दूसरे के सामने आ गए थे। यह वाक्या लखनऊ सुपरजाएंट्स और आरसीबी के बीच मैच के दौरान हुआ था। पिछले सीजन गंभीर लखनऊ टीम के मेंटर थे। इसी मामले को लेकर आरसीबी के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन का बयान सामने आया है। आरोन के मुताबिक शुक्रवार को होने वाले मैच में जब कोहली केकेआर के डगआउट की तरफ देखेंगे तो उनका पारा बढ़ जाएगा। क्यों हुई थी कोहली और गंभीर के बीच कहासुनी आरसीबी और लखनऊ के बीच पिछले सीजन खेले गए मैच के दौरान लखनऊ के गेंदबाज नवीन उल हक और कोहली के बीच जोरदार बहस हुई। दोनों ने एक दूसरे से काफी कुछ कहा। इसके बाद जब मैच खत्म हो गया और दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे तो उसी समय नवीन और कोहली के बीच फिर बहस देखने मिली। इस बीच, लखनऊ एक अन्य खिलाड़ी काइल मेयर्स कोहली के पास गए और उनसे कुछ बात करने लगे, तभी गंभीर मेयर्स को लेकर वहां से जाने लगे। इसके कुछ देर बाद गंभीर और कोहली में कहासुनी होने लगी और दोनों खिलाड़ी एक दूसरे से काफी देर तक बहस करते नजर आए। यह मामला काफी आगे बढ़ा था और उस समय इसे लेकर गंभीर चर्चा हुई थी। गंभीर का कहना था कि कोहली उनके टीम के खिलाड़ी से इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते हैं। गंभीर ने हालांकि 2023 सीजन के बाद लखनऊ को छोड़ दिया था और दोबारा अपनी पुरानी टीम केकेआर से जुड़ गए थे।

**कोहली और गंभीर पर रहेंगी नजरें**

आरसीबी और केकेआर के बीच भले ही मैच में सिर्फ कोहली मैदान पर उतरेंगे, लेकिन मुकाबले के दौरान गंभीर पर भी नजरें रहेंगी। पिछले साल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच जैसी जुबानी जंग देखने मिली थी उसके बाद यह मुकाबला बाउंड्री लाइन के पार भी रोमांचक रहने वाला है। आरसीबी और केकेआर दोनों टीमों के लिए खेल चुके वरण आरोन के अनुसार, वह इस मैच के लिए काफी उत्साहित हैं। उन्होंने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, मैं कुछ बढ़ा चढ़ाकर नहीं बोलना चाहता, लेकिन मैं बाउंड्री लाइन के के बाहर का जो मैच-अप है उस पर मेरी निगाहें रहेंगी। आरसीबी के डगआउट के पास गंभीर बैठे होंगे और मुझे नहीं पता वहां क्या होगा। हमें पता है कि कोहली कितने आक्रामक हैं और अगर वह केकेआर के डगआउट को देखेंगे तो उनका पारा चढ़ जाएगा और कोहली बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

# मुम्बई से आते ही संजीव गुप्ता ने सबसे पहले दी अतुल गर्ग को बधाई और शुभकामनाएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनाये जाने पर समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और भाजपा कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने भाजपा के प्रत्याशी अतुल गर्ग को उनके निवास पर जाकर शुभकामनाएं दीं। संजीव गुप्ता होली से पूर्व ही व्यापारिक कार्य से मुम्बई में व्यस्त थे और शुक्रवार को प्रातः काल ही गाजियाबाद लौटे और सबसे पहले उन्होंने कविनगर निवास पर जाकर अतुल गर्ग को बधाइयां एवं शुभकामनाएं भेंट करते हुए प्रचंड जीत का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर गाजियाबाद के प्रभारी विजय शुक्ला, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, संयोजक अजय शर्मा और पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल भी उपस्थित रहे।



## कुटुंब प्रबोधन गतिविधि वैशाली महानगर ने आयोजित की परिवार-गोष्ठी



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि वैशाली महानगर द्वारा परिवार गोष्ठी समर्पण कार्यालय राजेंद्र नगर में हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, संयुक्त क्षेत्र कुटुंब प्रबोधन संयोजक ओमपाल,(वरिष्ठ प्रचारक) रहे। ओमपाल ने संयुक्त परिवार में रहने के लाभ और कुटुंब मित्र बनाने पर विस्तार से चर्चा की एकल परिवार होने के कारण एकल परिवार को किस-किस परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर संघचालक माखनलाल, महानगर प्रचारक देशराज, विभाग कुटुंब प्रबंधन संयोजक सुशील, कुटुंब सह संयोजक प्रांत भूदेव, जितेंद्र चौधरी महानगर संयोजक कुटुंब प्रबोधन रहे।

इस कार्यक्रम में सभी परिवारों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम में 160 संख्या रही। अंत में कल्याण मंत्र और भोजन प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## साहिबाबाद विधानसभा संचालन समिति ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया









**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधानसभा संचालन समिति की बैठक साइट 4 औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में संपन्न हुई। इस बैठक में लोकसभा प्रभारी गाजियाबाद विजय शुक्ला लोकसभा संयोजक अजय शर्मा विधानसभा संयोजक राजेश्वर प्रसाद विधानसभा प्रभारी सुखविंदर सोम लोकसभा सह प्रभारी सुभाष भाटी महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा उपस्थित रहे इस बैठक में साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष महानगर के पदाधिकारीगण एवं विभिन्न दायित्वों पर पूर्व पदाधिकारी की उपस्थिति रही। लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला ने संचालन समिति को संबोधित करते हुए अपने प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प किया और पिछली बार से ज्यादा 7 लाख से अधिक वोटो से जीतने का लक्ष्य रखा, लोकसभा संयोजक अजय शर्मा ने अपने संबोधन में पीएम मोदी की गारंटी और विकसित भारत के संकल्प के साथ आगमी चुनावों में विजय पताका फहराकर भरी मतों से जितने का लक्ष्य निर्धारित किया। विधानसभा संयोजक राजेश्वर प्रसाद द्वारा साहिबाबाद विधानसभा संचालन समिति की घोषणा की गई।

## पीएम मोदी एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के स्वागत को तैयार हजारों कार्यकर्ता : अमरजीत सिंह बिट्टी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 31 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह लोकसभा चुनाव को लेकर 31 मार्च 2024 दिन रविवार को दोपहर दो बजे सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ मुजफ्फरनगर रोड के मैदान में एक जन सभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए रालोद के वरिष्ठ नेता सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी ने बताया इस चुनावी सभा की तैयारी के लिए गाजियाबाद जिले से 100 बसों से ज्यादा, और हजारों की संख्या में कारों का काफिला मेरठ पहुंचेगा।



## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी जैसे देशों की दखलअंदाजी हमारी संप्रभुता पर हमला : पं. अशोक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंडित अशोक भारतीय सह संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ भाजपा महानगर गाजियाबाद ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका तथा जर्मनी जैसे देशों द्वारा भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने की कठोर शब्दों में निंदा करता हूं।



उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में केजरीवाल द्वारा 9 समन मिलने पर भी ईडी के समक्ष पेश न होने तथा देश के सम्मानित न्यायालय द्वारा की गई समन की अवहेलना को केजरीवाल द्वारा गलत बताए जाने और उसके बाद यदि केजरीवाल पर शराब घोटाले के आरोप स्वरूप अदालत द्वारा कार्रवाई के बाद गिरफ्तारी होती है तो अमेरिका जर्मनी जैसे देशों को मिर्ची लगती है जब विदेशी शक्तियां हमारे विवादित नेताओं पर होने वाली न्यायिक प्रक्रिया में दखल देने का काम करेंगे तो यह हमारे देश की संप्रभुता पर हमला माना जायेगा।

## भागवत कथा में नागेश गुर्जर ने व्यास पीठ का लिया आशीर्वाद

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा के टिल्ला मोड़ स्थित अंबेडकर कॉलोनी में आयोजित भव्य भागवत कथा में शामिल हुए विधायक पुत्र नागेश गुर्जर ने क्षेत्रवासियों के कल्याण की कामना करते हुए व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। कथा में भगवान श्री कृष्ण की अद्भुत व अलौकिक बाल्यकाल लीलाओं का वर्णन हुआ। जिसका विधायक पुत्र समेत हजारों की संख्या में मौजूद भक्तों ने श्रवण किया।



## तालाब में गिरे दो मासूम बच्चों की मौत

**सिंभावली।** गांव वैठ में बृहस्पतिवार की दोपहर तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। रमजान के माह में दो मासूम बच्चों की मौत से दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दोनों बच्चों की मौत के बाद मां की आंखों से आंसू बंद नहीं हो रहे हैं, तो वहीं पिता बच्चों की छोटी-छोटी चुलबुली बातों को याद कर भावुक हो रहा है। बता दें कि गांव वैट के रहने वाले खालिद की बहन गुलिस्ता का निकाह गांव सलाई के रहने वाले नन्हे और दूसरी बहन साजदा का निकाह गांव के ही रहने वाले साजिद के साथ हुआ है। दोनों बहन बृहस्पतिवार को घर आई हुई थी। गुलिस्ता की 8 वर्षीय बेटी इलमा और साजदा का 6 वर्षीय बेटा अरहान खेलते समय तालाब के पास पहुंच गए। पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में गिर गए। पानी में डूबने से दोनों मासूम बच्चों की मौत हो गई। रमजान माह में हुई इस दर्दनाक घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है, तो वहीं माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों अबरार, माजिद, आरिफ, डॉ फिरासत चौधरी, दानिश नौशाद अली ने तालाब पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। अभिभावक अपने बच्चों को कभी भी अकेले छोडकर जाना पसंद नहीं करते हैं। लेकिन कई बार परिस्थियां ऐसी हो जाती है। कि उन्हें बच्चे को घर पर अकेले छोडकर जाना पड़ता है। इसलिए घर के छोटे बच्चों को अकेला घर से कभी न जाने दें।

## हैप्पी किटी ग्रुप ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वैशाली सेक्टर स्थित हैप्पी किटी ग्रुप द्वारा होली मिलन का समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर तरह-तरह के गेम खेल कर और सांस्कृतिक नृत्य तथा एक-दूसरे को चंदन और गुलाल लगाकर पर्व को मनाया गया। इस अवसर पर गीता गुप्ता, प्रीति, कविता, सुखजिंदर, बबीता, पूनम गुप्ता, रविता, श्वेता गोयल, हरप्रीत, सुचित्रा, आशा, अनीता लांबा, उर्मिला पुष्पा, अनीता, शुभ्रा, रेनू गुप्ता, श्रुति मंजू गर्ग, मंजू सिंह, नीलम, पुष्पा, मिथिलेश शर्मा, विमला भट्ट, किरण राणा सहित क्षेत्र की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय की शिकायत पर बनाना ट्री के सामने नगर निगम ने अतिक्रमण हटाया

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद साइट 4 औद्योगिक क्षेत्र में बनाना ट्री वेंकट और होटल के बाहर नाले पर अतिक्रमण कर बनाए गए गेट जोनल प्रभारी वसुंधरा सुनील राय की देखरेख में जेसीबी लगाकर तोड़े गए। आपको बता दें की वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने मुख्य नगर अधिकारी को अतिक्रमण के बावत शिकायत पत्र दिया था। उन्होंने वेंकट हॉल एवं होटल मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की जिन्होंने नगर निगम की जमीन पर अवैध तरीके से पार्किंग एवं नल को पाट रखा था जिसमें मिराज बैंकट हॉल, इंपीरियल पार्क, एलिगेंट होटल, होटल लोटस, सैडल ट्री, राज पार्टी लॉन, बनाना ट्री जैसे आधा दर्जन वेंकट हॉल चल रहे हैं। इसके अलावा भी साइट साइड 4 में जैसे द ग्रेट, कलिना सब्जी मंडी रोड झंडापुर एवं लिंक रोड पर कई फैक्ट्री मालिकों, वेंकट हॉल मालिकों, होटल मालिकों एवं मारुति शोरूम के मालिकों के द्वारा अवैध तरीके से नाले को पाट कर अवैध पार्किंग बना रखी है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों को बहुत परेशानी होती है। जिसकी वजह से नालों की सफाई नहीं हो पाती और बारिश में यही पानी सड़कों पर भरता है और आम जनता को परेशानी होती है। जिससे निजात दिलाने के लिए पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने एक पहल शुरू की है और मुख्य नगर अधिकारी को सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई एवं अतिक्रमण हटाने की मांग की है। जिसको दृष्टिगत संज्ञान लेते हुए मुख्य नगर अधिकारी के द्वारा आदेश पारित होने के बाद जोनल प्रभारी सुनील राय एवं उनकी टीम द्वारा मौके पर जाकर सर्वेक्षण किया गया। इसके बाद अतिक्रमण को सही पाया गया और उसे हटाने का निर्णय लिया। जिसकी शुरुआत बनाना ट्री होटल से की गई है। अब आगे यह देखना है की मुख्य नगर अधिकारी अन्य अतिक्रमणकारियों के खिलाफ किस तरीके की कार्रवाई करते हैं। क्या वह अतिक्रमण को माफियाओं से मुक्त कर पाते हैं। खाना पूर्ति करके पहले की तरह ही कार्यक्रम चालू रहेगा और अतिक्रमणकारी मौज करते रहेंगे या उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई होगी जिससे दूसरा कोई अतिक्रमण करने की हिम्मत ना कर सके।





## सड़क हादसे में युवक का पैर टूटा

**लोनी (करंट क्राइम)।** तीन बाइक सवार तेज गति से गढ़ी कटैया मोड़ पर अनियंत्रित हो गए और चालक ने एक युवक को टक्कर मार दी जिससे उसका बायां पैर टूट गया। पीड़ित ने लोनी अंकुर विहार थाने में बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस बाइक के नम्बर के आधार पर बाइक चालक व उसके साथियों की तलाश में जुटी है। गढ़ी कटैया गांव निवासी महेश चंद्र ने बताया कि 27 मार्च शाम 6:30 बजे भतीजा सुमित बंसल 30 वर्ष पुत्र लीलूराम अपने दोस्तों के साथ पुस्ता अंडरपास के पास घूम रहे थे। इसी दौरान सभापुर की तरफ से स्पलेन्डर बाइक पर तीन युवक तेज गति से आए और पीछे से सुमित को टक्कर मार दी जिससे उसका बायां पैर टूट गया। सुमित के दोस्तो ने बाइक का नंबर देख लिया तथा चालक का नाम भी पता कर लिया। बताया जा रहा है कि चालक का नाम अंकुर है सुमित को अस्पताल मे भर्ती करा कर महेश ने अंकुर विहार थाने में रिर्पोट दर्ज करा दी है।





## कमिश्नरेट में अभी नहीं दिख रही है चुनावी चेकिंग

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है लेकिन अभी कमिश्नरेट में चुनावी चेकिंग वाला सीन दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि पुलिस के सोशल मीडिया एकाउंट्स पर रोजाना कोरम पूरा किया जा रहा है। अभी प्रमुख बॉर्डर, इंटर स्टेट बैरिकेडिंग और मेट्रो से लेकर नमो भारत और रेल से लेकर सड़क तक चेकिंग वाला सीन नजर नहीं आया है। वैसे पुलिस और प्रशासन दोनों ही की ओर से अपने-अपने कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए गए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चुनाव वाले अधिकारी लोग अभी एक्शन मोड में नहीं आए हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि सिटी से लेकर देहात और नदियापार के 5 से 6 प्रभारी ऐसे हैं, जो रात को 12 बजे के बाद ही लोग आउट हो जाते हैं। इसी के साथ जो रेलवे स्टेशन को लेकर भी जो मुस्तैदी वाला सीन बनाया गया था, वो भी अभी नजर नहीं आ रहा है। थाने में टू-स्टार्स की फौज होने के बावजूद अभी यह फेस फील्ड पर नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं इनके डीसीपी साहब लोग भी इनको अपनी फ्लीट में शामिल नहीं कर रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि रात को जो जोनल वाली चेकिंग है वहां इलाके और कोतवाल के व्यवहार पर चल रही है। इसी के साथ एसीपी साहब लोग भी अभी चुनावी चेकिंग को लेकर ग्राउंड पर नहीं उतर पाए हैं। हालांकि सुनने में आ रहा है कि अधिकारियों वाले व्हाट्सएप ग्रुप पर लगातार चुनावी दिशा निर्देश देने का काम जोरों पर चल रहा है। वहीं कहा तो यह भी जा रहा है की कमिश्नरेट वाले सिस्टम में चार्ज वाले तमाम चेहरे ऐसे हैं जिनका यह पहला ही लोकसभा चुनाव है। देखना होगा फर्स्ट टाइमर इस चुनावी टेंशन को कितना ले पाते हैं और कहां तक अपना प्रदर्शन बेस्ट दे पाते हैं। कुल मिलाकर नामांकन की बेला में एक और दो अप्रैल को भीड़ वाला मेला भी देखने को मिलेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में इस बार क्राइम ब्रांच वाले ज्यादा एक्टिव दिख रहे हैं। उधर चुनावी सीजन में जो जोन और सर्किल थोड़े कम एक्टिव हैं उनको अब पेन लेना होगा वरना बॉस लोगों की कलम चल सकती है और इसका इफैक्टर चुनावी सीजन के बाद भी बड़ी कार्रवाई के रुप में देखने को मिल सकता है।



# 2 दिन के भीतर सम्मानित करदाता हाउस टैक्स करें जमा: नगर आयुक्त

## कर वसूली को लेकर निगम की रफ्तार तेज, 1 करोड़ 35 लाख की हुई वसूली

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत तेजी से टैक्स वसूली पर कार्य होता दिखाई दे रहा है अवकाश दिवस में भी जोनल कार्यालय खोले जा रहे हैं तथा सम्मानित करदाताओं से भी लगातार अपना संपत्ति कर जमा करने के लिए अपील की जा रही है अवकाश दिवस में भी जोनल कार्यालय खोले गए सभी जोनल प्रभारी तथा अन्य टीम द्वारा विशेष कार्यवाही की गई जिसमें कर वसूली के दौरान 1 करोड़ 35 लाख की वसूली की गई। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में मुख्य का निर्धारण अधिकारी द्वारा भी अवकाश के दिन में अपना कार्यालय खोलकर टैक्स वसूली के लिए टीम को मोटिवेट करते हुए कार्यवाही की गई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा द्वारा, लगातार जोनल कार्यालय का जायजा लिया गया तथा वहां चल रहे कार्यों को और अधिक बेहतर करने के लिए टीम को मोटिवेट किया गया इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गुड फ्राइडे अवकाश की दिवस सम्मानित करदाताओं की सहूलियत के लिए जोनल कार्यालय खोले गए, मोहन नगर जोन के अंतर्गत लगभग 2348000 की वसूली हुई, विजयनगर के अंतर्गत 505000 की वसूली हुई, कवि नगर के अंतर्गत 26 लाख 50000 की वसूली हुई, सिटी जोन के अंतर्गत लगभग 22 लाख की वसूली की गई कवि नगर के अंतर्गत लगभग 59 लाख 50000 की वसूली हुई, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सम्मानित करदाताओं को दो दिन के भीतर अपना हाउस टैक्स जमा करने के लिए भी अपील की गई है। 31 मार्च के बाद 12% का ब्याज गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगना प्रारंभ कर दिया जाएगा इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा भी शहर वासियों से अपना हाउस टैक्स दो दिन में जमा करने के लिए विशेष रूप से अपील की है, इसी के साथ गाजियाबाद नगर निगम हाउस टैक्स विभाग के अधिकारियों को भी दो दिन विशेष कार्यवाही करते हुए सम्मानित करदाताओं की सहूलियत के लिए जोनल कार्यालय में बने रहने के लिए निर्देशित किया गया है।



## रविवार को खुले रहेंगे जोनल कार्यालय नगर आयुक्त ने टीम को दिये निर्देश

## भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने गांव खिमावती से चुनाव प्रचार का बिगुल फूंका

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** जनपद गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार अतुल गर्ग ने नगर के खिमावती गांव से अपने चुनाव प्रचार का बिगुल फूंक दिया। खिमावती गांव में कार्यकर्त्ता परिचय सम्मेलन के दौरान अतुल गर्ग ने कहा कि गाजियाबाद क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान भी करना उनकी प्राथमिकता है। भाजपा के ग्रामीण मंडल ने शुक्रवार को खिमावती गांव में गाजियाबाद लोकसभा सीट से अतुल गर्ग का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया था। सम्मेलन को संबोधित करते हुए गाजियाबाद शहर के विधायक एवं लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याण योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार भाजपा 400 पार का नारा दिया है, जिसे सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पूरा करना है और सभी कार्यकर्ता अतुल गर्ग बनकर लोगों से वोट मांगे। क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने अतुल गर्ग को आश्वासन दिलाया कि मुरादनगर क्षेत्र के महान मतदाताओं ने उनके पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी को 6 बार विधायक बनाकर विधानसभा भेजा था और अब दो बार से मतदाताओं में उन्हें विधायक बनाकर आशीर्वाद दिया है। अजीत पाल त्यागी ने कहा कि मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को 1.5 लाख रिकॉर्ड मतों से जीतकर दिलाएंगे। सम्मेलन को भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, लोकसभा प्रभारी सह प्रभारी, विधानसभा प्रभारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल प्रभारी नीरज शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ने अतुल गर्ग को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुनील त्यागी, बल्लू यादव, रिंकू यादव, येतेश्वर त्यागी, दिनेश चौधरी, विपिन चौधरी, हरीकिशन प्रधान, रामपाल शर्मा सहित अनेक ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य मौजूद थे।



## बीएससी छात्रा के साथ कॉलेज में छेड़छाड़ और मारपीट

**मोदीनगर।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक डिग्री कॉलेज परिसर में बीएससी की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ का विरोध करने पर छात्रा को थप्पड़ जड़े गए। आरोपी युवक काफी समय से छात्रा पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जिला बागपत के थाना चांदीनगर के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती मोदीनगर स्थित एक डिग्री कॉलेज में बीएससी दितीया वर्ष की छात्रा है। छात्रा का आरोप है कि साथ पढ़ने वाला एक युवक काफी समय से मेरे पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि वह कॉलेज में मेरा पीछा करता और अश्लील कमेंट करता है। आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ कॉलेज में मेरे से बात करने के लिए आया। उसने मेरे साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर बादल चौधरी व आर्यन नामक युवक ने मेरे साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं विरोध करने पर बादल चौधरी ने मुझे थप्पड़ मारे। किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# जहाज के ब्लैक बॉक्स में मिला ऑडियो हादसे से पहले मच गया था हड़कंप

**न्यूयॉर्क।** मंगलवार की रात लगभग 1.27 बजे 984 फुट लंबा मालवाहक जहाज डाली फ्रांसिस स्कॉट की पुल से जा टकराया। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह पुल कुछ ही सेकंड में पेटाप्सको नदी में समा गया था। पुल के टूट जाने से ब्लाटिमोर बंदरगाह से कई देशों का कनेक्शन कट गया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि पुल के पुनर्निर्माण में करीब दो साल का समय लग सकता है। अनुमान यह भी है कि इसे फिर से तैयार करने में 350 मिलियन डॉलर की लागत लग सकती है। इस हादसे की जांच कर रही टीम को एक महत्वपूर्ण चीज हाथ लगी है। टीम के जांचकर्ता मार्सेल मुइज का कहना है कि तटरक्षक बल ने मंगलवार को ब्लैक बॉक्स के वीडीआर से ऑडियो बरामद किया है। इस ऑडियो को एनटीएसबी अधिकारियों को सौंपा गया।

## ब्लैक बॉक्स से निकली पल-पल की अपडेट



**00 :30 बजे :** डाली को दो बड़ी नावों की सहायता से बंदरगाह से रवाना किया गया। जहाज में भारत के 21 चालक दल के सदस्य थे और सभी श्रीलंका की लंबी यात्रा पर जा रहे थे।

**01 :07 बजे :** जहाज फोर्ट मैकहेनरी चैनल में प्रवेश कर चुका था।

**01 :24 बजे :** डाली फोर्ट मैकहेनरी चैनल के भीतर लगभग नौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से 141 डिग्री की वास्तविक दिशा में नेविगेट कर रही थी।

**01 :26 :02 बजे :** वीडीआर ने जहाज के सिस्टम डेटा को रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया।

**01 :26 :39 बजे :** जहाज के पायलट ने एक रेडियो कॉल प्रसारित किया, जिसमें डाली के पास टग्स से सहायता मांगी गई।

**01 :27 :04 बजे :** पायलट ने डाली को पोर्ट एंकर छोड़ने का निर्देश दिया और आगे स्टीयरिंग कमांड जारी किए।

**01 :27 :25 बजे :** पायलट ने वीएचएफ रेडियो पर बताया कि डाली पूरी तरह से अनियंत्रित हो चुकी है और फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज की तरफ जा रही है।

**1 :29 :33 बजे :** वीडीआर ऑडियो रिकॉर्ड में डाली के पुल के साथ टकराने की ध्वनियां सुनाई दीं। लगभग इसी समय, एक एमडीटीए डैश कैमरा पुल की लाइटें बुझते हुए दिखाता है।

**1 :29 :39 बजे :** पायलट ने फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के गिरने की सूचना दी

## सूडानी महिलाओं ने यूएन को बताई आपबीती

# दारफूर की सड़कों पर चारों तरफ बिखरे पड़े थे शव




**दारफूर।** सूडान के दारफूर क्षेत्र में सेवारत रहीं संयुक्त राष्ट्र की एक पूर्व कर्मचारी ने, यूएन न्यूज के साथ एक बातचीत में, भीषण लड़ाई के दौरान अपनी जान बचाने के लिए पड़ोसी देश चाड में शरण लेने के अनुभव को बयान किया है। उन्होंने बताया कि सड़कों पर हर तरफ शव बिखरे हुए थे और छतों पर बैठे बंदूकधारी-निशानची, लोगों को निशाना बना रहे थे।


अप्रैल 2023 में सूडानी सशस्त्र बलों और अर्द्धसैनिक बलों के बीच लड़ाई भड़क उठी थी, जिसके बाद से सूडान, विशेष रूप से दारफूर क्षेत्र मानवीय और सुरक्षा संकट से जूझ रहा है। दारफूर में जातीय टकराव ने इस क्षेत्र को पिछले दो दशकों से अधिक समय से जकड़ा हुआ है।

फातिमा (काल्पनिक नाम) पश्चिमी दारफूर प्रान्त के अल जिनीना शहर की निवासी हैं और पहले अफ्रीकी संघ व यूएन के साझा मिशन, वठअटक्क्ष का हिस्सा रही हैं। इस प्रांत में हजारों लोगों के मारे जाने की खबर है और जब परस्पर विरोधी गुट के लड़ाके शहर पर नियंत्रण की लड़ाई लड़ रहे थे, तभी उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए अपने परिवार के साथ देश की सीमा पार की।

उन्होंने कहा, हम 57 दिनों से अधिक समय तक अपने घरों में फंसे हुए थे, जबकि लड़ाके व्यवस्थागत ढंग से जातीय आधार पर लोगों को निशाना बना रहे थे और उनकी हत्या कर रहे थे। उन्होंने महिलाओं, बच्चों और वृद्धजन को भी नहीं बख्शा। छतों पर निशानेबाज छिपे हुए थे और किसी भी व्यक्ति के नजर आने पर उसे निशाना बनाया जाता था। जिस तरह से लोगों को जान से मारा गया, उसे बयान नहीं किया जा सकता है।

दारफूर में दो दशकों के हिंसक टकराव की वजह से हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और उनमें से अनेक की अब शिविरों और अल जिनीना शहर में आवाजाही रहती है। साल की शुरूआत में या फिर रमदान के महीने के दौरान ऐसा होता है, जब हत्याओं, विस्थापन व विध्वंस का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस दौरान लोगों की जिंदगी में व्यवधान आता है और बाजार, स्कूल और सरकारी संस्थान बन्द रहते हैं। फिर जब हमले रुक जाते हैं, तो लोग अपने सामान्य जीवन की ओर लौटने का प्रयास करते हैं।

# मास्को : लाइव कॉन्सर्ट में चली गोलियां



**मास्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में हुए नरसंहार में 143 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। जिन लोगों ने यह नरसंहार देखा, उनके लिए ये जिंदगी में कभी न भुला पाने वाला पल साबित हुआ। इन्हीं में से एक रूसी कलाकार एल्योना काजिंस्काया भी शामिल रहीं। एल्योना ने अपनी दोस्त के साथ आखिरी समय में कॉन्सर्ट का टिकट खरीद था। एल्योना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर पल पल एक्टिव रहती हैं और इस आतंकी हमले के दौरान भी वे टेलीग्राम पर पल पल की अपडेट देती रहीं।

### रात 8.08 बजे पोस्ट किया- पुलिस को बुलाइए

एल्योना ने बताया कि उन्होंने वहां मौजूद लोगों की मदद करने की कोशिश की। बहुत से लोग पहले ही हॉल से बाहर भाग चुके थे। स्थिति ऐसी थी कि हम वहां से निकल नहीं सकते थे। अचानक बंदूकधारी हॉल में घुसे तो मैंने अपनी दोस्त को फर्श पर पटककर कहा- रेंग-रेंग कर आगे बढ़ते हैं। रात के करीब 8:08 बजे एल्योना ने टेलीग्राम पर एक और संदेश डालते हुए लिखा कि कृपया पुलिस को बुलाइए, क्रोकस सिटी हॉल में गोलियां चल रही हैं।

### रात 8.17 बजे पोस्ट किया- आग

8:17 बजे उन्होंने सिर्फ एक ऑडियो संदेश भेजा और वह था- आग। आपको बता दें कि आतंकियों ने कॉन्सर्ट हॉल में आग लगाने के लिए गैसोलीन का इस्तेमाल किया था। इसके बाद एल्योना और उसकी दोस्त ने एक शौचालय में शरण ली। दोनों ने कई बार हॉल से बाहर निकलने की कोशिश की लेकिन धुंआ होने की वजह से कुछ भी नहीं दिख रहा था। ऐसे में अब दोनों को कुछ भी नहीं सूझ रहा था।

### 8.23 बजे लिखा गुडबाय, 8.31 बजे लिखा- मैं जिंदा हूं

8:23 बजे उन्होंने टेलीग्राम पर चार सेकंड के एक ऑडियो संदेश में कहा अलविदा, यह आखिरी समय है। इसके बाद एल्योना के टेलीग्राम से जुड़े लोगों ने उन्हें मृत मान लिया लेकिन ठीक 8.31 पर एक नया ऑडियो संदेश आया ह्यमैं जिंदा हूं।

# आतंकवादी ने स्वीकार की दुष्कर्म की बात

**यरूशलम।** इस्त्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने इस्लामिक जिहाद आतंकवादी मनार महमूद मोहम्मद कासीम से पूछताछ का एक वीडियो जारी किया है। पिछले साल सात अक्तूबर को इस्त्राइल पर हवाई हमले में उसकी भूमिका को लेकर पूछताछ वाले वीडियों में आतंकवादी ने एक इस्त्राइली महिला के साथ दुष्कर्म करने की बात कबूली।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी वीडियो में आतंकवादी ने कहा, मैंने पहले उसे लिटा दिया। फिर उसके कपड़े उतारे और उसके साथ दुष्कर्म किया।

कासीम ने इस्त्राइली महिला के साथ उस दिन दुष्कर्म किया, जिस दिन हमास के आतंकियों ने इस्त्राइल में हवाई हमले किए थे। कासीम ने कहा कि वह इस हमले के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानता है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा-

# उम्मीद है हर किसी के मतदान अधिकारों की रक्षा की जाएगी

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में इस साल चुनाव होने हैं। ऐसे में, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि वैश्विक निकाय उम्मीद करता है कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सके।

**राजनीतिक अशांति पर सवाल:** संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता महासचिव स्टेफन दुजारिक गुरुवार को सवालों का जवाब दे रहे थे। उनसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करने के मद्देनजर आगामी आम चुनावों से पहले भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था।

**हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सके :** दुजारिक ने कहा, 'हम भारत या जिस भी देश में चुनाव होने वाले हैं, बस यही उम्मीद कर सकते हैं कि हर किसी के राजनीतिक और नागरिक अधिकार सुरक्षित रहें। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सके।'

**अमेरिकी राजनयिक को तलब :** संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया अमेरिका द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने पर इसी तरह के सवाल पर प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है।



## फलस्तीन-इस्त्राइल जंग

# तबाह घरों में मस्ती करते दिखे इस्त्राइली सैनिक

**गाजा।** इस्त्राइल के सैनिक फलस्तीन के तबाह हो चुके घरों में महिलाओं के अंतःवस्त्रों के साथ खिलवाड़ करते हुए नजर आए हैं। ये तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस्त्राइली सैनिकों की इस हरकत के बाद संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की प्रवक्ता रवीना शामदासानी ने इसे अपमानजनक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शामदासानी ने ऐसी तस्वीरों को अपमानजनक कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी तस्वीरें पोस्ट करना फलस्तीनी महिलाओं और दुनिया की सभी महिलाओं के लिए अपमानजनक है। इसके बाद इस्त्राइल रक्षा बलों से इस बारे में जवाब मांगा गया है। जवाब में इस्त्राइल की सेना ने क्या कहा है, आगे पढ़िए।

कानून विशेषज्ञ भी इस्त्राइली सेना की आलोचना की गई है। क्वीन्स यूनिवर्सिटी में कानून के सहायक प्रोफेसर आर्डी इम्सेइस ने कहा कि ये चौथे जिनेवा कन्वेंशन के अनुच्छेद 27 का उल्लंघन है। अनुच्छेद 27 कहता है कि नागरिक अपने सम्मान, पारिवारिक अधिकारों, शिष्टाचार और रीति-रिवाजों के प्रति सम्मान के हकदार हैं। इसके मुताबिक महिलाओं को उनके सम्मान पर किसी भी हमले के खिलाफ विशेष रूप से संरक्षित किया जाना चाहिए।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें

इस्त्राइली सैनिकों की ऐसी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन तस्वीरों को लेकर दुनियाभर से अलग अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कोई इन तस्वीरों को शर्मनाक बता रहा है, तो कोई इसे लेकर अलग ही राय रख रहा है।

### इस्त्राइली सेना ने क्या कहा

इसके जवाब में इस्त्राइली सेना का कहना है कि फोटो और वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। आगे कहा गया है कि मामले में सैन्य पुलिस जांच में जुट गई है। अगर अपराध पाया गया तो संबंधित व्यक्ति को सजा मिलेगी। फलस्तीनी इस्लामी समूह हमास द्वारा इस्त्राइल पर किए गए हमले के बाद 7 अक्टूबर 2023 को इस्त्राइल ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इस्त्राइल के अनुसार, हमास के कार्यकताओं ने लगभग 1,200 लोगों को मार डाला और 253 को बंधक बनाया।

# ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी की भारतीयों से जुड़ने की कोशिश

**लंदन।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ने भारत को लेकर की गई अपनी पुरानी गलतियों को ठीक करने की कोशिश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि ब्रिटेन में इस साल के अंत या अगले साल की शुरूआत में आम चुनाव होने हैं।



ऐसे में लेबर पार्टी भारत के अंदरूनी मामलों पर अपने रुख को लेकर बड़े बदलाव शुरू कर रही है, ताकि उसे ब्रिटेन में बसे भारतीय समुदाय का समर्थन भी हासिल हो सके। इसी कोशिश में लेबर पार्टी के प्रमुख कियर स्टार्मर ने ब्रिटेन के भारतीय समुदाय को होली पर विशेष संदेश दिया है।

बताया गया है कि ब्रिटिश-भारतीय थिंक टैंक 1928 इंस्टीट्यूट की तरफ से इस हफ्ते लंदन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान लेबर पार्टी के मुखिया कियर स्टार्मर खुद भारतीय समुदाय के बीच पहुंचे। उनके साथ होली मनाने के लिए लंदन के मेयर सादिक खान और स्टार्मर की शैडो कैबिनेट के कई साथी शामिल थे।

**होली का त्योहार राष्ट्रीय नवीनीकरण के संदेश के साथ बढ़ने का मौका :** स्टार्मर ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह त्योहार पार्टी के 'राष्ट्रीय नवीनीकरण' के संदेश को आगे बढ़ाने का एक सही मौका है।

उन्होंने कहा, जैसे हम वसंत ऋतु का स्वागत कर रहे हैं, यह समय नई शुरूआत के जश्न का, ताकि पुराने को पीछे छोड़ा जा सके और नए का स्वागत हो सके।

# हूती विद्रोहियों का अमेरिकी युद्धपोत पर हमला


**यमन।** संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ने हूती विद्रोहियों के चार ड्रोन (यूएएस) तबाह कर दिए। अमेरिकी सेना द्वारा बताया गया कि इन सभी ड्रोन का इस्तेमाल अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाने के लिए किया गया था। बता दें कि हूती विद्रोहियों का यमन के एक बड़े हिस्से पर नियंत्रण है। उन्होंने पहले ही लाल सागर से होकर इजराइल जाने वाले सभी जहाजो को निशाना बनाने की चेतावनी दी थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ने बुधवार को कहा कि उसने लाल सागर में यमन समर्थित हूती गुट द्वारा लॉन्च किए गए चार ड्रोन (यूएएस) को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। बताया गया है कि हूती गुट ने अमेरिका के दो युद्धपोतों को निशाना बनाने के लिए चार यूएएस तैनात किए गए थे। इस हमले में कोई जनहानि नहीं हुई और ना ही अमेरिकी जहाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

# बाइडन का समर्थन करते दिखे ओबामा-क्लिंटन

## एक ही मंच पर पूर्व-वर्तमान राष्ट्रपतियों की तिकड़ी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन के साथ एक हाई प्रोफाइल धन इकट्ठा करने वाले कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम मैनहैट्टन के रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति जो बाइडन को फिर से चुने जाने के लिए चलाए गए अभियान के लिए $25 मिलियन धनराशि इकट्ठा की गई है। यह राशि उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जुटाए गए राशि से अधिक है।



### राष्ट्रपतियों की तिकड़ी ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

कार्यक्रम में कई सितारों में हिस्सा लिया था, जिसमें सिंगर क्वीन लतीफा और लिजो ने परफॉर्म किया। पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों की तिकड़ी ने इस कार्यक्रम में कई सवालों के जवाब दिए। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर मजाकिया तौर पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल होने वाले दर्शकों को राष्ट्रपतियों की तिकड़ी के साथ तस्वीर खिंचवाने का मौका भी मिला। इस तस्वीर के लिए उन्हें $100,000 का भुगतान करना था। बाइडन के कार्यक्रम के आयोजन के दौरान फलस्तीनी समर्थकों ने प्रदर्शन भी किया। हॉल के अंदर भी कुछ प्रदर्शनकारियों ने हंगामा किया।

**पुलिस अधिकारी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए राष्ट्रपति बाइडन**

इस कार्यक्रम में शामिल होने से पहले राष्ट्रपति बाइडन पुलिस अधिकारी जोनाथन डिलर की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए, जिनकी सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

बाइडन ने पुलिस अधिकारी की मौत को लेकर न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स से संपर्क भी किया था। इस घटना के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कानून और व्यवस्था की वापसी का आान किया। हालांकि, उन्होंने इस घटना पर राष्ट्रपति बाइडन पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# रोजाना एक अरब टन अनाज हो रहा बर्बाद

## 80 करोड़ लोग सो रहे भूखे, 20% भोजन कूड़े में फेंका जा रहा

**वाशिंगटन।** दुनियाभर में हर दिन एक अरब टन से अधिक भोजन बर्बाद हो जाता है, वहीं करोड़ों लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 1.05 अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है।

खेत में उपज से लेकर थाली तक पहुंचने तक 13 फीसदी अनाज बर्बाद हो जाता है। कुल मिलाकर उत्पादन प्रक्रिया के दौरान लगभग एक तिहाई भोजन बर्बाद हो जाता है। इसके चलते रोजाना 80 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं। यूएन पर्यावरण कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक इंगेर एंडरसन ने कहा कि बाजार में उपलब्ध खाद्य उत्पादों का लगभग पांचवां हिस्सा बर्बाद हो जाता है। ज्यादातर भोजन परिवारों की ओर से बर्बाद कर दिया जाता है।



यूएनईपी की फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट

**वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर :** खाने की बबार्दी वैश्विक त्रासदी एंडरसन ने कहा, भोजन की बबार्दी एक वैश्विक त्रासदी है। दुनियाभर में भोजन की बबार्दी के कारण वर्तमान में लाखों लोग भूखे हैं। यह समस्या न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के तहत दुनिया का लक्ष्य 2030 तक बर्बाद होने वाले भोजन की मात्रा को आधा करना है।

**दुनिया में भोजन की बबार्दी सबसे ज्यादा घरों में हो रही :** रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे अधिक भोजन घरों में बर्बाद होता है, इसकी वार्षिक मात्रा 63.1 करोड़ टन है। यह बर्बाद हुए कुल भोजन का लगभग 60 प्रतिशत है। भोजन बबार्दी की मात्रा खाद्य सेवा क्षेत्र में 29 करोड़ टन और फुटकर सेक्टर में 13.1 करोड़ टन है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर व्यक्ति सालाना औसतन 79 किलो खाना बर्बाद करता है। यह दुनिया के हर भूखे व्यक्ति को प्रतिदिन 1.3 आहार के बराबर है।

**अमीर और गरीब देशों की स्थिति एक जैसी :** यूएनईपी 2021 से भोजन की बबार्दी की निगरानी कर रहा है। उसका कहना है कि समस्या अमीर देशों तक सीमित नहीं है। अनुमान है कि उच्च, उच्च मध्यम और निम्न मध्यम आय वाले देशों के बीच प्रति व्यक्ति वार्षिक खाद्य अपशिष्ट दर में केवल सात किलोग्राम का अंतर है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में कम बर्बादी :** शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच भोजन की बबार्दी की दर में महत्वपूर्ण अंतर देखा गया है। उदाहरण के लिए मध्यम आय वाले देशों में ग्रामीण आबादी अपेक्षाकृत कम भोजन बर्बाद करती है।

## पाकिस्तान के उखक्काजी फैज ईसा बोले -

# न्यायिक मामलों में किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायाधीशों के मामलों और न्यायिक कामकाज में कार्यपालिका का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान की सरकार ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के कामकाज में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप मामले में आरोपों की जांच की घोषणा की है। ये आरोप इस्लामाबाद हाईकोर्ट के छह न्यायाधीशों ने एक पत्र लिखकर लगाए हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुख्य न्यायाधीश ईसा के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक भी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार शाम कहा कि कार्यपालिका की ओर से न्यायपालिका में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता एक मूलभूत स्तंभ है जो कानून के शासन और मजबूत लोकतंत्र को कायम रखती है।





इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश को बर्खास्त करने के आदेश को अवैध घोषित कर दिया था। दरअसल, न्यायाधीश को देश की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के खिलाफ भाषण देने के लिए पद से हटा दिया गया था।

**साल 2018 में बर्खास्त किया :** रावलपिंडी बार एसोशिएसन में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश शौकत अजीज सिद्दीकी ने आईएसआई पर अदालत की कार्यवाही को प्रभावित करने और पसंद की पीठें बनाने का आरोप लगाया था। इसी को लेकर उन्हें 11 अक्तूबर, 2018 में सर्वोच्च न्यायिक परिषद द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था।

**कई साल बीतने के बाद सुनवाई :** पूर्व न्यायाधीश ने पद से हटाए जाने के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। कई साल बीत जाने के बाद इस मामले पर सुनवाई शुरू की गई। मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय पैनल और इसमें न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंडोखल, न्यायमूर्ति हसन अजहर रिजवी और न्यायमूर्ति इरफान शादत शामिल थे।

### 23 जनवरी को रखा था फैसला सुरक्षित

पीठ ने 23 जनवरी को सुनवाई पूरी कर ली थी और आदेश को सुरक्षित रख लिया था, जो आज जारी किया गया। पीठ ने कहा कि सिद्दीकी को हटाया जाना गलत है। उन्हें इस्लामाबाद हाईकोर्ट का सेवानिवृत्त न्यायाधीश माना जाएगा और वह एक पूर्व न्यायाधीश की तरह सभी लाभों के हकदार होंगे।

# भारत भूषण गर्ग की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा नेता अभिषेक गर्ग के चाचा स्वर्गीय भारत भूषण गर्ग की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इंपीरियल फार्म हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय भारत भूषण गर्ग को याद करते हुए शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर से उनके पहलवान दोस्त कितना करते है प्यार ? इसका नजारा धौलाना में हुए हाई वोल्टेज घटनाक्रम के बाद दिखाई दिया यार ? जैसे ही पहलवान को पता चली कोई अनहोनी वाली बात ? वैसे ही वो गाज़ियाबाद वाले सारे कार्यक्रम छोड़कर गाड़ी सौ की स्पीड पर दोड़ाकर पहुँच गये अपने दोस्त के पास ? मौके पर जाकर लिया उन्होंने अपने यार का ख़्याल ? जब देखा सब कुछ ठीक है ? तब कही जाकर दूर हुए उनके दिल में आये बुरे खयाल ? कहने वाले ने कहा, यही चिंता तो कराती है दोनों में हद से ज्यादा अपनेपन का एहसास ? यूँ ही नहीं गाज़ियाबाद देता है दोनों दोस्तों की दोस्ती की मिसाल ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सरदार जी को मीडिया से दोस्ती लगती है बहुत ही ज्यादा प्यारी ? सुना है इसी वजह से छोड़ दी उन्होंने साठा चौरासी वाले गढ़ में प्रभारी वाली ज़िम्मेदार ? पार्टी संगठन से करके निवेदन ? वापस ले लिया उन्होंने प्रभारी वाली ज़िम्मेदारी का आवेदन ? संगठन वालों तक पहुँचा दी अपने मन की बात ? कहा चुनावों में आप सौंप दो हमे मीडिया की कमान ? हमे बहुत अच्छा लगता है पत्रकार मित्रों का साथ ? कहने वाले ने कहा, यही तो वजह है कि अखबारों में अक्सर छाये रहते है हमारे सिंह साहब ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपका और खींचना चाहता हूँ इस सवाल के माध्यम शर्मा एंड कंपनी का ध्यान ? सह प्रभारी वाली ज़िम्मेदारी में आ सकता है भगवा पहलवान का नाम ? सुना है कि पहलवान को ये प्रभार देने के लिए खुद प्रकट किए है मिस्टर गर्ग ने अपने विचार ? कहा है ये महनती चेहरा ही इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी को दे सकता है धार ? सुना है इस ऑफर पर अभी नहीं बनाया है पहलवान नो कोई खास मन ? कहने वाले ने कहा, देखने दिखाने लायक होगा वो नजारा, जब शर्मा एंड कंपनी के सिरमौर और पहलवान बैठेंगे एक संग ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ की युवा राजनीति करने वाले रोबिन भैया और महेंद्र भैया कब तक झेलेंगे ज़िम्मेदारी वाला सूखा ? सुना है युवा टीम के बड़े पदाधिकारी ने दोनों को लेकर अपना अन्दाज किया हुआ है बिलकुल रूखा ? उन्होंने अधिकतर वेस्टर्न वाली युवा टीम साथियों को सौंपी है ज़िम्मेदारी ? मगर इन दोनों को ना संयोजक बनाया है ? ना ही बनाया है कही का प्रभारी ? कर रहे है शिद्दत से इंतजार कि दोनों के पक्ष में जल्दी से हों आदेश जारी ? जिन चेहरों को चुनाव में भी ना मिले काम ? समझ लो कोई सोच समझ कर चला रहा हो उनके दिल पर आरी ? कहने वाले ने कहा बात एकदम साफ और है सीधी ? वो ही तो होगा जैसा चाहेंगे मिस्टर द्विवेदी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप हमारे इस सवाल पर गौर फरमाएँ ? फिर आपको पता चलेगा कितनी गंभीर है, पूरी प्रीत से क्रासिंग वाले एरिया में मजबूत दखल रखने वाली मैडम की राय ? वो दे रही है संगठन के लोगों में संदेश ? हमारी सोसाइटी के लोगों का वोटिंग के समय पर चलता है अलग ही सोटा ? वो किसी कैंडिडेट को वोट देने के बजाए खूब दबाते है नोटा ? हमे नोटा वाले सिस्टम को बदले पर देना होगा ध्यान ? माइंड वाश करना होगा ऐसे नाराज वोटर का ? ताकि उनके बेशक ीमती वोट हमारे उम्मीदवार अतुल जी के लिए आ सके काम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रेखा पार वाली मैडम माहौर आजकल चुनाव कार्यालय पर बैठकर स्टेटमेंट दे रही है जोरदार ? कह रही है , भगवा महिला मोर्चा की कुछ साथी केवल खुद की राजनीति पर ही करती है विचार ? इनको देने चाहिए पार्टी के आयामों को पूरा करने पर ध्यान ? इनका पूरा ट्रैक रिकॉर्ड उठाकर देख लो ? इनमें से कोई भी नहीं कर रहा है जमीन पर काम ? क्या मैडम माहौर के शब्द एहसास करा रहे है कि वो चाहती है इस बार मोर्चे की महिला अध्यक्ष वाली कमान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप हमारा संदेश महान मंत्री गोपाल जी तक पहुँचाने का कर देना काम ? हम देख रहे थे उनकी एक तरफा वाली अदाओं को ? जब वो थे सीएम साहब वाले मंच पर विराजमान ? माइक हाथ में पकड़कर मंच से वो बस कमांडर के प्रिय खास लोगों का ही बार बार ले रहे थे नाम ? उनके इस एकतरफा संबोधन ने कई दिलजलों के दिल का काम कर दिया था तमाम ? दर्शक दीर्घा मैं बैठे चेहरे दे रहे थे यही संदेश ? कह रहे थे कि कमाल के हैं ये भाईसाहब, जिनको नजर ही नहीं आ रहा है हमारा फेस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वक़्त ने किया क्या हसीं सितम ? सुना है रेड फेस मेन के प्रिय मिस्टर नागर को 40 प्लस वाली यादव बिरादरी का आँकड़ा नहीं हो रहा है हजम ? हालाँकि वो अपने खास लोगों में दे रहे है यही संदेश ? कह रहे कि कितना अच्छा होगा वो नजारा ? जब विधानसभा में दिखाई देगा हमारा रेड फेस ? मगर इतनी मोहब्बत के बाद भी नागर जी को चालीस हजार से ज्यादा वाली बात चाह कर भी नहीं हो रही है हजम ? वक़्त ने किया क्या हंसी सितम, तुम रहे ना तुम, हम रहे ना हम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गुरु जी के घर से निकलकर आयी है एक बात बाहर ? सुना है उनसे मिलने गया था भगवागढ़ का एक पंजाबी दावेदार ? रखे थे इस चेहरे ने गुरु जी के सामने अपनी समाज की वोटों की बहुल्यता पर विचार ? मगर उनके ये विचार गुरु जी का दिल नहीं कर पा रहा था स्वीकार ? पंजाबी चेहरे गुरु जी को यही दे रहे थे संदेश ? कह रहे थे इस बार मेरा टिकट सौ प्रतिशत पक्का हो जाएगा ? पार्टी अलाकमान मैं बैठे हैं इस वक़्त मेरी फेवर करने वाले बड़े बड़े बड़े फेस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा संगठन वाले त्यागी जी ने धौलाना में घटे घटनाक्रम के बाद दे दिये है अपने विचार ? कमांडर से कहा है , भविष्य किसी भी परिस्तिथि से निपटने के लिए ठीक नहीं है गर्ग साहब अकेले ही हो गाड़ी में सवार ? मैं तो यही कहना चाहूँगा उनके साथ साथ चलनी चाहिए लगभग दो तीन कार ? आखिर हमारे उम्मीदवार की सुरक्षा का प्रश्न है ? टिकट होने के बाद काफी दिल जले, किसी ना किसी माध्यम से निकालना चाहते है अपने दिल के उद्गार ? देखना अब ये है कि अपने प्रिय त्यागी के क्या स्वीकार कर लिये है कमांडर ने विचार ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुलिस ऑफिसर डॉ लक्ष्मी सिंह चौहान मल्टी टैलेंटेड पर्सनेलिटी है। रील लाइफ से लेकर रियल लाइफ में वो संस्कार को सर्वोपरि रखती हैं। भगवा कोई रंग नहीं है ये धर्म संस्कृति और परंपरा है। एक बड़े संदेश को चुनिंदा शब्दों में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।